(2) इसी प्रकार भीलवाड़ा नगर के 1 से 50 वार्डो (वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार) की कुल जनसंख्या एवं अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या के

मध्य धनात्मक सहसम्बंध पाया गया जो कि उच्च स्तर का सहसम्बंध है एवं पाये गये सहसम्बंध का मान +.76 है जो कि +.75 से +1 के मध्य मिलता है।

(3) भीलवाड़ा की कुल वार्ड अनुसार जनसंख्या एवं 0-6 आयु वर्ग की जनसंख्या के मध्य- उच्च स्तरीय धनात्मक सहसम्बंध पाया गया जिसका मान है- +0.94 है।

(4) भीलवाड़ा नगर की सभी 50 वार्ड की जनसंख्या एवं वार्डों में लिंगानुपात के मध्य कोटि अन्तर गुणांक विधि से सहसम्बंध ज्ञात करने पर सहसम्बंध का मान -.45 प्राप्त हुआ जो कि -0 से -.5 के मध्य का मान है एवं निम्न स्तर के ऋणात्मक सहसम्बंध का द्योतक है।

(5) भीलवाड़ा नगर के वार्डों में कुल जनसंख्या एवं साक्षरता दर के मध्य सहसम्बंध का मान +0.82 प्राप्त हुआ। जो कि 0.75 से 1 के मध्य है एवं उच्च स्तरीय धनात्मक सहसम्बंध को दिखाता है।

यहाँ जनसंख्या में सहसम्बंध धनात्मक या ऋणात्मक होना अनेक कारकों के कारण संभव है। ये कारक भौगोलिक सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक, प्रशासनिक, धार्मिक आदि हो सकते है। यदि इन सभी कारकों का गंभीरता पूर्वक अध्ययन किया जाये तो ऋणात्मक सहसम्बंध एवं धनात्मक सहसम्बंध में परिवर्तन होना सम्भव है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Lodha, R.M., 1970: Indices determining the Umland of Bhilwara town, procedding of RGA Conference, IV conf., pp 27-36.
2. Administrative Atlas, Rajasthan (Census of India-2011).
3. Bhilwara District Survey, Report – 2016.
4. Birch, B.P. (1964) "The measurement of dispersed pattern of settlement", T.V.E. Social Geographical, Vol. 58, pp. 68-72.
5. Smailes, A.E. (1958), "The size and spacing of cities", Opcit, Vol. 48, pp 222-45.
6. Ullman, E.L. (1941), "The theory of Location for cities", American Journal of Sociology, Vol. 46, pp 835-64.
7. Glasser, G.J. and Winter, R.F. (1961).
8. Mark Jefferson: "The Law of Primate City", The Geographical Review, XXIX No. 2, 1939, pp 226.32.
9. District Census Hand Book – 2011 (Bhilwara).
10. हीरालाल 1989,'जनसंख्या भूगोल', वसुंधरा प्रकाशन गोरखपुर।
11. आनन्द, संतोष, 2017,'अविवेकपूर्ण नगर नियोजन व पेयजल संकट (भीलवाड़ा नगर का विशेष अध्ययन)- शोध पत्र।
12. जिला सांख्यिकीय रूपरेखा 2016-17।
13. मौर्य, जगदीश प्रसाद,'भीलवाड़ा जिले में कृषि भूमि उपयोग का बदलता स्वरूप' (IJEMMASSS), ISSN: 2581-9925, Volume 03, No. 02(I), April-June, 2021, pp 103-108.
14. भट्ट, काश्मीर कुमार,'जनजातीय उपयोजना क्षैत्र (राजस्थान) में नगरीकरण की प्रवृत्तियाँ : एक भौगोलिक विश्लेषण' (1951-2001)

उद्देश्यनुरूप वार्ड अनुसार जनसंख्या सम्बन्धित आँकड़ों का विश्लेषण करने से पूर्व हमारे पास जनसंख्या सम्बन्धित द्वितीयक आँकड़ों का होना आवश्यक है। यहाँ शोधार्थी द्वारा विश्लेषण हेतु आधार वर्ष 2011 को माना गया है एवं इस हेतु द्वितीयक आँकड़ों का उपयोग किया गया जो इस प्रकार है-

तालिका संख्या 1: भीलवाड़ा नगर की सामान्य जनांकिय विशेषताएँ

1.	शहर की नगरीय स्थिति	नगर परिषद
2.	कुल जनसंख्या पुरुष जनसंख्या महिला जनसंख्या	359483 187081 172402
3.	लिंगानुपात	922
4.	0-6 आयुवर्ग जनसंख्या 0-6 आयुवर्ग पुरुष जनसंख्या 0-6 आयुवर्ग महिला जनसंख्या	46812 24650 22162
5.	0-6 आयुवर्ग लिंगानुपात	899
6.	कुल अनुसूचित जाति जनसंख्या	47692
7.	अनुसूचित जाति का कुल संख्या में प्रतिशत	13.27
8.	कुल अनुसूचित जनजाति जनसंख्या	4488
9.	अनुसूचित जनजाति का कुल जनसंख्या में प्रतिशत	1.25
10.	अनुसूचित जाति लिंगानुपात	946
11.	अनुसूचित जनजाति लिंगानुपात	875
12.	कुल साक्षर जनसंख्या	257030
13.	साक्षरता दर	82.20
14.	कुल निरक्षर जनसंख्या	102453
15.	कुल घरों की संख्या	74184

उक्त जनांकिय विशेषताओं को हम पूर्व विश्लेषित कर चुके है। प्रस्तुत शोध पत्र के मुख्य उद्देश्यानुसार भीलवाड़ा नगर की वार्डवार वस्तुस्थिति का अध्ययन कर चरों का आपसी सहसम्बंध निकालने का प्रयास किया गया है।

सारणी संख्या 2: जनसंख्या – महिला पुरुष सम्बंधित

अवस्थिति कोड संख्या	वार्ड का नाम	वार्ड में कुल घरों की संख्या	कुल जनसंख्या (वार्ड में)		
			कुल	पुरुष	महिला
0001	वार्ड सं. 1	1246	6473	3372	3101
0002	वार्ड सं. 2	975	5483	2820	2663
0003	वार्ड सं. 3	859	4918	2482	2436
0004	वार्ड सं. 4	1050	5447	2787	2660
0005	वार्ड सं. 5	2421	11403	6096	5307
0006	वार्ड सं. 6	2007	8960	4785	4175
0007	वार्ड सं. 7	1960	8669	4685	3984
0008	वार्ड सं. 8	1702	7738	4101	3637
0009	वार्ड सं. 9	1423	6486	3484	3002
0010	वार्ड सं. 10	1946	8649	4595	4054
0011	वार्ड सं. 11	1864	7939	4334	3605
0012	वार्ड सं. 12	876	4001	2089	1912
0013	वार्ड सं. 13	1896	8536	4604	3932
0014	वार्ड सं. 14	2818	12342	6516	5826
0015	वार्ड सं. 15	1602	7856	3964	3892
0016	वार्ड सं. 16	1759	8107	4183	3924
0017	वार्ड सं. 17	1250	5779	2866	2913
0018	वार्ड सं. 18	1077	5336	2640	2696
0019	वार्ड सं. 19	1016	5304	2708	2596
0020	वार्ड सं. 20	959	5078	2582	2496
0021	वार्ड सं. 21	799	4031	2099	1932
0022	वार्ड सं. 22	782	3985	2035	1950
0023	वार्ड सं. 23	923	4792	2593	2199
0024	वार्ड सं. 24	940	4553	2312	2241
0025	वार्ड सं. 25	1138	5649	2910	2739
0026	वार्ड सं. 26	1184	5541	2856	2685
0027	वार्ड सं. 27	1332	6616	3418	3198
0028	वार्ड सं. 28	1188	5647	2900	2747
0029	वार्ड सं. 29	817	4168	2160	2008
0030	वार्ड सं. 30	998	5774	2957	2817
0031	वार्ड सं. 31	1499	7995	4148	3847
0032	वार्ड सं. 32	1729	8715	4489	4226
0033	वार्ड सं. 33	2157	11400	5967	5433
0034	वार्ड सं. 34	908	5247	2721	2526
0035	वार्ड सं. 35	953	4903	2515	2388
0036	वार्ड सं. 36	1135	5476	2794	2682
0037	वार्ड सं. 37	1226	6529	3325	3204
0038	वार्ड सं. 38	1394	7177	3716	3461
0039	वार्ड सं. 39	1833	8835	4570	4265
0040	वार्ड सं. 40	2513	11885	6148	5737
0041	वार्ड सं. 41	1645	8121	4173	3948
0042	वार्ड सं. 42	999	5083	2596	2487
0043	वार्ड सं. 43	2363	10927	5622	5305
0044	वार्ड सं. 44	1623	7616	3879	3737

0045	वार्ड सं. 45	1449	7010	3601	3409
0046	वार्ड सं. 46	1881	9142	4779	4363
0047	वार्ड सं. 47	2709	12186	6495	5691
0048	वार्ड सं. 48	2846	13613	7163	6450
0049	वार्ड सं. 49	1059	5557	2865	2692
0050	वार्ड सं. 50	1456	6806	3582	3224
कुल	**50**	**74184**	**359483**	**187081**	**172402**

नोट :- अधिकतम संख्या वाले कॉलम को लाल एवं न्यूनतम संख्या वाले कॉलम को हरे रंग से दिखाया गया है।

स्त्रोत : जिला जनगणना पुस्तिका-2011 (भीलवाड़ा)

सारणी-3: 0-6 आयुवर्ग जनसंख्या सम्बंधित आँकड़ें

अवस्थिति कोड संख्या	वार्ड का नाम	वार्ड में कुल घरों की संख्या	0-6 आयुवर्ग की जनसंख्या		
			कुल	पुरुष	महिला
0001	वार्ड सं. 1	1246	933	493	440
0002	वार्ड सं. 2	975	836	430	406
0003	वार्ड सं. 3	859	659	357	302
0004	वार्ड सं. 4	1050	745	411	334
0005	वार्ड सं. 5	2421	1758	970	788
0006	वार्ड सं. 6	2007	1184	591	593
0007	वार्ड सं. 7	1960	1229	619	610
0008	वार्ड सं. 8	1702	901	464	437
0009	वार्ड सं. 9	1423	910	478	432
0010	वार्ड सं. 10	1946	1235	633	602
0011	वार्ड सं. 11	1864	1122	593	529
0012	वार्ड सं. 12	876	523	276	247
0013	वार्ड सं. 13	1896	1189	668	521
0014	वार्ड सं. 14	2818	1553	772	781
0015	वार्ड सं. 15	1602	1163	596	567
0016	वार्ड सं. 16	1759	1336	697	639
0017	वार्ड सं. 17	1250	697	370	327
0018	वार्ड सं. 18	1077	520	256	264
0019	वार्ड सं. 19	1016	474	248	226
0020	वार्ड सं. 20	959	537	288	249
0021	वार्ड सं. 21	799	382	201	181
0022	वार्ड सं. 22	782	388	219	169
0023	वार्ड सं. 23	923	483	259	224
0024	वार्ड सं. 24	940	481	265	216
0025	वार्ड सं. 25	1138	776	418	358
0026	वार्ड सं. 26	1184	669	351	318
0027	वार्ड सं. 27	1332	694	389	305
0028	वार्ड सं. 28	1188	742	366	376
0029	वार्ड सं. 29	817	413	217	196
0030	वार्ड सं. 30	998	684	334	350
0031	वार्ड सं. 31	1499	1057	558	499
0032	वार्ड सं. 32	1729	1010	545	465
0033	वार्ड सं. 33	2157	1527	813	714
0034	वार्ड सं. 34	908	646	342	304
0035	वार्ड सं. 35	953	587	314	273

0036	वार्ड सं. 36	1135	728	375	353
0037	वार्ड सं. 37	1226	880	459	421
0038	वार्ड सं. 38	1394	937	499	438
0039	वार्ड सं. 39	1833	1225	645	580
0040	वार्ड सं. 40	2513	1556	799	757
0041	वार्ड सं. 41	1645	1288	651	637
0042	वार्ड सं. 42	999	629	334	295
0043	वार्ड सं. 43	2363	1116	590	526
0044	वार्ड सं. 44	1623	818	451	367
0045	वार्ड सं. 45	1449	734	396	338
0046	वार्ड सं. 46	1881	1213	648	565
0047	वार्ड सं. 47	2709	1802	952	850
0048	वार्ड सं. 48	2846	2015	1092	923
0049	वार्ड सं. 49	1059	855	434	421
0050	वार्ड सं. 50	1456	973	524	449
कुल	**50**	**74184**	**46812**	**24650**	**22162**

नोट :- अधिकतम संख्या वाले कॉलम को लाल एवं न्यूनतम संख्या वाले कॉलम को हरे रंग से दर्शाया गया है।

स्त्रोत : जिला जनगणना पुस्तिका-2011 (भीलवाड़ा)

सारणी-4: अनुसूचित जाति जनसंख्या सम्बंधित आँकड़ें

अवस्थिति कोड संख्या	वार्ड का नाम	वार्ड में कुल घरों की संख्या	अनुसूचित जाति जनसंख्या		
		कुल	पुरुष	महिला	
0001	वार्ड सं. 1	1246	732	372	360
0002	वार्ड सं. 2	975	665	334	331
0003	वार्ड सं. 3	859	156	66	90
0004	वार्ड सं. 4	1050	1408	733	675
0005	वार्ड सं. 5	2421	1072	557	515
0006	वार्ड सं. 6	2007	778	402	376
0007	वार्ड सं. 7	1960	952	512	440
0008	वार्ड सं. 8	1702	273	147	126
0009	वार्ड सं. 9	1423	1248	665	583
0010	वार्ड सं. 10	1946	842	431	411
0011	वार्ड सं. 11	1864	333	182	151
0012	वार्ड सं. 12	876	117	58	59
0013	वार्ड सं. 13	1896	1160	638	522
0014	वार्ड सं. 14	2818	470	240	230
0015	वार्ड सं. 15	1602	5171	2541	2630
0016	वार्ड सं. 16	1759	1335	675	660
0017	वार्ड सं. 17	1250	821	420	401
0018	वार्ड सं. 18	1077	64	34	30
0019	वार्ड सं. 19	1016	30	21	9
0020	वार्ड सं. 20	959	412	216	196
0021	वार्ड सं. 21	799	48	24	24
0022	वार्ड सं. 22	782	112	57	55
0023	वार्ड सं. 23	923	389	213	176
0024	वार्ड सं. 24	940	514	265	249
0025	वार्ड सं. 25	1138	472	236	236
0026	वार्ड सं. 26	1184	788	411	377

0027	वार्ड सं. 27	1332	168	88	80
0028	वार्ड सं. 28	1188	108	51	57
0029	वार्ड सं. 29	817	32	20	12
0030	वार्ड सं. 30	998	151	84	67
0031	वार्ड सं. 31	1499	304	159	145
0032	वार्ड सं. 32	1729	880	451	429
0033	वार्ड सं. 33	2157	1579	848	731
0034	वार्ड सं. 34	908	575	288	287
0035	वार्ड सं. 35	953	2057	1057	1000
0036	वार्ड सं. 36	1135	4492	2296	2196
0037	वार्ड सं. 37	1226	1313	648	665
0038	वार्ड सं. 38	1394	151	81	70
0039	वार्ड सं. 39	1833	462	246	216
0040	वार्ड सं. 40	2513	3163	1610	1553
0041	वार्ड सं. 41	1645	3013	1518	1495
0042	वार्ड सं. 42	999	755	380	375
0043	वार्ड सं. 43	2363	359	192	167
0044	वार्ड सं. 44	1623	1099	579	520
0045	वार्ड सं. 45	1449	590	298	292
0046	वार्ड सं. 46	1881	1514	784	730
0047	वार्ड सं. 47	2709	1792	953	839
0048	वार्ड सं. 48	2846	1227	637	590
0049	वार्ड सं. 49	1059	272	141	131
0050	वार्ड सं. 50	1456	1274	651	623
कुल	**50**	**74184**	**47692**	**24510**	**23182**

नोट :- अधिकतम संख्या वाले कॉलम को लाल एवं न्यूनतम संख्या वाले कॉलम को हरे रंग से दर्शाया गया है।

स्त्रोत : जिला जनगणना पुस्तिका-2011 (भीलवाड़ा)

सारणी-5: अनुसूचित जनजाति जनसंख्या सम्बंधित आँकड़े

अवस्थिति कोड संख्या	वार्ड का नाम	वार्ड में कुल घरों की संख्या	अनुसूचित जनजाति जनसंख्या		
			कुल	पुरुष	महिला
0001	वार्ड सं. 1	1246	186	105	81
0002	वार्ड सं. 2	975	102	50	52
0003	वार्ड सं. 3	859	27	14	13
0004	वार्ड सं. 4	1050	14	11	3
0005	वार्ड सं. 5	2421	364	195	169
0006	वार्ड सं. 6	2007	160	79	81
0007	वार्ड सं. 7	1960	106	60	46
0008	वार्ड सं. 8	1702	39	21	18
0009	वार्ड सं. 9	1423	31	19	12
0010	वार्ड सं. 10	1946	87	45	42
0011	वार्ड सं. 11	1864	41	24	17
0012	वार्ड सं. 12	876	0	0	0
0013	वार्ड सं. 13	1896	117	67	50
0014	वार्ड सं. 14	2818	247	126	121
0015	वार्ड सं. 15	1602	135	72	63
0016	वार्ड सं. 16	1759	225	127	98
0017	वार्ड सं. 17	1250	173	79	94

0018	वार्ड सं. 18	1077	36	20	16
0019	वार्ड सं. 19	1016	32	18	14
0020	वार्ड सं. 20	959	2	1	1
0021	वार्ड सं. 21	799	6	3	3
0022	वार्ड सं. 22	782	14	7	7
0023	वार्ड सं. 23	923	49	39	10
0024	वार्ड सं. 24	940	27	15	12
0025	वार्ड सं. 25	1138	45	22	23
0026	वार्ड सं. 26	1184	81	40	41
0027	वार्ड सं. 27	1332	45	23	22
0028	वार्ड सं. 28	1188	30	16	14
0029	वार्ड सं. 29	817	0	0	0
0030	वार्ड सं. 30	998	8	4	4
0031	वार्ड सं. 31	1499	34	17	17
0032	वार्ड सं. 32	1729	52	29	23
0033	वार्ड सं. 33	2157	191	113	78
0034	वार्ड सं. 34	908	0	0	0
0035	वार्ड सं. 35	953	3	3	0
0036	वार्ड सं. 36	1135	16	12	4
0037	वार्ड सं. 37	1226	16	8	8
0038	वार्ड सं. 38	1394	13	5	8
0039	वार्ड सं. 39	1833	35	15	20
0040	वार्ड सं. 40	2513	106	60	46
0041	वार्ड सं. 41	1645	403	201	202
0042	वार्ड सं. 42	999	5	3	2
0043	वार्ड सं. 43	2363	123	62	61
0044	वार्ड सं. 44	1623	34	16	18
0045	वार्ड सं. 45	1449	49	22	27
0046	वार्ड सं. 46	1881	73	36	37
0047	वार्ड सं. 47	2709	493	274	219
0048	वार्ड सं. 48	2846	321	170	151
0049	वार्ड सं. 49	1059	41	18	23
0050	वार्ड सं. 50	1456	51	27	24
कुल	**50**	**74184**	**4488**	**2393**	**2095**

नोट :- अधिकतम संख्या वाले कॉलम को लाल एवं न्यूनतम संख्या वाले कॉलम को हरे रंग से दर्शाया गया है।

स्त्रोत : जिला जनगणना पुस्तिका-2011 (भीलवाड़ा)

सारणी-6: साक्षरता एवं लिंगानुपात अनुसार जनसंख्या के आँकड़ें

अवस्थिति कोड संख्या	वार्ड का नाम	वार्ड में कुल घरों की संख्या	साक्षरता प्रतिशत	लिंगानुपात
0001	वार्ड सं. 1	1246	58.4	920
0002	वार्ड सं. 2	975	61.4	944
0003	वार्ड सं. 3	859	62.1	981
0004	वार्ड सं. 4	1050	60.1	954
0005	वार्ड सं. 5	2421	60.9	871
0006	वार्ड सं. 6	2007	75.9	873
0007	वार्ड सं. 7	1960	68.9	850
0008	वार्ड सं. 8	1702	82.3	887
0009	वार्ड सं. 9	1429	70.8	862

0010	वार्ड सं. 10	1946	74.7	882
0011	वार्ड सं. 11	1864	75.6	832
0012	वार्ड सं. 12	876	80.9	915
0013	वार्ड सं. 13	1896	72.7	854
0014	वार्ड सं. 14	2818	77.1	894
0015	वार्ड सं. 15	1602	60.9	982
0016	वार्ड सं. 16	1759	52.5	938
0017	वार्ड सं. 17	1250	70.9	1016
0018	वार्ड सं. 18	1077	85.9	1021
0019	वार्ड सं. 19	1016	87.2	959
0020	वार्ड सं. 20	959	80.7	967
0021	वार्ड सं. 21	799	85.3	920
0022	वार्ड सं. 22	782	82.8	958
0023	वार्ड सं. 23	923	79.6	848
0024	वार्ड सं. 24	940	78.2	969
0025	वार्ड सं. 25	1138	72.8	941
0026	वार्ड सं. 26	1184	75.1	940
0027	वार्ड सं. 27	1332	81.1	936
0028	वार्ड सं. 28	1188	68.7	947
0029	वार्ड सं. 29	817	80.3	930
0030	वार्ड सं. 30	998	73	953
0031	वार्ड सं. 31	1499	73.4	927
0032	वार्ड सं. 32	1729	78.7	941
0033	वार्ड सं. 33	2157	62.3	911
0034	वार्ड सं. 34	908	70.1	928
0035	वार्ड सं. 35	953	70.7	950
0036	वार्ड सं. 36	1135	61.1	960
0037	वार्ड सं. 37	1226	71.3	964
0038	वार्ड सं. 38	1394	75.7	931
0039	वार्ड सं. 39	1833	72.6	933
0040	वार्ड सं. 40	2513	70.5	933
0041	वार्ड सं. 41	1645	51.6	946
0042	वार्ड सं. 42	999	64.5	958
0043	वार्ड सं. 43	2363	81.7	944
0044	वार्ड सं. 44	1623	81.3	963
0045	वार्ड सं. 45	1449	82.8	947
0046	वार्ड सं. 46	1881	74.8	913
0047	वार्ड सं. 47	2709	66.6	876
0048	वार्ड सं. 48	2846	67.9	900
0049	वार्ड सं. 49	1059	65.6	940
0050	वार्ड सं. 50	1456	64.3	900
कुल	**50**	**74184**	**82.2**	**922**

नोट :- अधिकतम संख्या वाले कॉलम को लाल एवं न्यूनतम संख्या वाले कॉलम को हरे रंग से दर्शाया गया है।

स्त्रोत : जिला जनगणना पुस्तिका-2011 (भीलवाड़ा)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 – एक विश्लेषण

मनोज टाक* डॉ. कनिया मेड़ा**

*शोधार्थी, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ,भारत सरकार की एक महान संकल्पना है, जो कि श्रेष्ठ भारत एवं मूल्यवान भारत की दिशा में उठाया गया एक ठोस कदम है। यह शिक्षा नीति अंतरिक्ष वैज्ञानिक के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता वाली समिति की रिपोर्ट पर आधारित है। 29 जुलाई 2020 को भारत सरकार द्वारा घोषित, राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020, वर्ष 1986 में जारी हुई नई शिक्षा नीति के – लगभग 34 साल बाद, भारत की शिक्षा नीति में यह पहला नया परिवर्तन किया गया है। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत शिक्षा क्षेत्र पर सकल घरेलू उत्पाद के 6 प्रतिशत हिस्से के सार्वजनिक व्यय का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही साथ वर्ष 2030 तक सकल नामांकन अनुपात (GER) को 100 प्रतिशत लाने का लक्ष्य भी रखा गया है। 'मानव संसाधन प्रबंधन मंत्रालय' का नाम परिवर्तित कर 'शिक्षा – मंत्रालय' कर दिया गया है और सबसे महत्वपर्ण परिवर्तन के रूप में पांचवी कक्षा तक की शिक्षा में मातृभाषा/स्थानीय या क्षेत्रीय भाषा को शिक्षा के माध्यम के रूप में अपनाने पर बल दिया गया है। साथ ही मातृभाषा को कक्षा –3 और आगे की शिक्षा के लिए प्राथमिकता देने का सुझाव दिया गया है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 – उद्देश्य – राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य भारतीय मूल्यों से विकसित शिक्षा प्रणाली है, जो सभी को उच्चतर गुणवत्ता की शिक्षा उपलब्ध कराके और भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाकर एक जीवंत और न्यायसंगत ज्ञान समाज में बदलने के लिए प्रत्यक्ष रूप से योगदान करेगी। नीति में परिकल्पित है कि हमारे संस्थानों की पाठ्यचर्या और शिक्षा विधि छात्रों में अपने मौलिक दायित्वों और संवैधानिक मूल्यों, देश के साथ जुड़ाव और बदलते विश्व में नागरिक की भूमिका और उत्तरादायित्वों की जागरूकता उत्पन्न करें। शिक्षा नीति का उद्देश्य छात्रों में भारतीय होने का गर्व न केवल विचार में बल्कि व्यवहार बुद्धि और कार्यो में भी और साथ ही ज्ञान, कौशल, मूल्यों और सोच में भी होना चाहिए जो मानवाधिकारों, स्थायी विकास और जीवनयापन तथा वैश्विक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हो, ताकि वे सही मायने में वैश्विक नागरिक बन सकें।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 – सिद्धान्त – राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में कुछ मूलभूत सिद्धान्त सन्निहित है जो कि शिक्षा, शिक्षक और छात्रों के प्रति अत्यंत संवेदनशील होकर निरन्तर सीखने पर जोर देते है, ताकि शिक्षा से जुड़ी सभी इकाईयों का सर्वांगींण विकास सुनिश्चित हो –

1. बच्चे की विशिष्ट क्षमताओं की स्वीकृति, पहचान और उनके विकास हेतु प्रयास करना, शिक्षकों को इन क्षमताओं के प्रति संवेदनशील बनाना जिससे वे बच्चे की अकादयिक और अन्य क्षमताओं के विकास पर भी पूरा ध्यान दें।
2. साक्षरता और संख्यामान को सर्वाधिक प्राथमिकता देना जिससे सभी बच्चे कक्षा के ज्ञान और सीखने के मूलभूत कौशल को हासिल कर सकें।
3. लचीलापन ताकि शिक्षार्थियों में उनके सीखने के तौर–तरीके और कार्यक्रमों को चूनने की क्षमता हो और इस तरह अपनी प्रतिभा और रूचियों के अनुसार जीवन में अपना रास्ता चून सकें।
4. कला और विज्ञान के बीच, पाठ्यक्रम और पाठ्येत्तर गतिविधियों के बीच व्यावसायिक और शैक्षणिक धाराओं, आदि के बीच कोई स्पष्ट अलगाव न हो।
5. सामाजिक विज्ञान, कला, मानविकी और खेल के बीच एक बहु–विषयक और सम्रग शिक्षा का विकास।
6. अवधारणात्मक समझ पर जोर न कि रटंत पद्धति और केवल परीक्षा के लिए पढ़ाई।
7. रचनात्मकता और तार्किक सोच, तार्किक निर्णय लेने और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए।
8. नैतिकता, मानवीय और संवैधानिक मूल्य जैसे, सहानुभुति, दुसरों के लिए सम्मान, स्वच्छता, शिष्टाचार, लोकतांत्रिक भावना सेवा की भावना, सार्वजनिक सम्पत्ति के सम्मान , वैज्ञानिक चितंन स्वतंत्रता, जिम्मेदारी, बहुलतावाद, समानता और न्याय।
9. बहु भाषिकता पर जोर।
10. जीवन कौशल जैसे – आपसी संवाद, सहयोग, सामूहिक कार्य और लचीलापन।
11. सीखन के लिए सतत मूल्याकंन पर जोर।
12. साल के अंत में होने वाली परीक्षा को केन्द्र में रखकर शिक्षा को निरूत्साह करना जिससे कि आज की 'कोचिंग संस्कृति' को ही बढ़ावा मिलता है।
13. तकनीकी के यथासंभव उपयोग पर जोर।
14. सभी पाठ्यक्रम शिक्षण शास्त्र ओर नीति में स्थानीय संदर्भ की विविधता और स्थानीय परिवेश के लिए एक सम्मान।
15. पूर्ण समता और समावेशन की सभी छात्र शिक्षा प्रणाली में सफलता हासिल कर सकें।
16. उत्कृष्ट स्तर का शोध शैक्षिक विशेषज्ञों द्वारा निरंतर अनुसंधान और नियमित मूल्याकंन के आधार पर प्रगति की समीक्षा।

17. भारतीय जड़ो और गौरव से बंधे रहना, जहाँ प्रासंगिक लगे वहाँ भारत की समृद्ध और विविध , प्राचीन और आधुनिक, संस्कृति और ज्ञान, प्रणालियों और परम्पराओं को शामिल करन और उससे प्रेरणा पाना।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 – पाठ्यक्रम – राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत अपने उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु शैक्षणिक पाठ्यक्रम को इस प्रकार तैयार किया गया है कि उनकों बुनियादी शिक्षा के साथ–साथ चरित्र निर्माण भी हो सकें।

1. विज्ञान और गणित के अलावा बुनियादी शिक्षा, शिल्प, मान।
2. विकी, खेल और फिटनेस, भाषाओं, साहित्य, संस्कृति और मूल्य शामिल हो। शिक्षा से बच्चों में चरित्र निर्माण होता हो।
3. बच्चों में नैतिकता, तार्किकता, करूणा और संवेदनशीलता विकसित करने के गुण हो, और रोजगाार के लिए सक्षम बनाती हो।
4. 2040 तक भारत में ऐसी शिक्षा प्रणाली हो जो सभी सामाजिक और आर्थिक पृष्ठभूमि से संबंध रखने वाले बच्चों को समान रूप से सर्वोच्च गुणवत्ता की शिक्षा उपलब्ध कराती हो।
5. शिक्षा साक्षरता और संख्याज्ञान जैसी बुनियादी क्षमताओं के साथ–साथ उच्चतर स्तर की तार्किक और समस्या समाधान संबंधी संज्ञानात्मक क्षमताओं का विकास के साथ साथ नैतिक, सामाजिक और भावनात्मक स्तर पर भी व्यक्ति का विकास करती हो।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 – शिक्षा की विषयवस्तु – राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षा की विषयवस्तु नीति के उद्देश्यों एवं सिद्धान्तों के अनुकुल ही बनाई गई है –

1. बच्चों को समस्या समाधान, तर्क शक्ति एवं रचानात्मक रूप से सोचाना सिखाती हो।
2. बच्चे विषयों के बीच अंतर संबंध देख पाते हो।
3. नई सोच और नई जानकारी को नई परिस्थितियों में उपयोग करना सिखाती हो।
4. शिक्षा शिक्षार्थियों के जीवन के सभी पक्षों और क्षमताओं का संतुलित विकास करती हो।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 – भाषाई विविधता का संरक्षण – राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में कक्षा 05 तक की शिक्षा में मात्भाषा/स्थानीय या क्षेत्रीय भाषा को अध्ययन के माध्यम के रूप में अपनाने पर बल दिया गया है। साथ ही इस नीति में मातृभाषा को कक्षा 08 और आगे की शिक्षा के लिए प्राथमिकता देने का सुझाव दिया गया है।

1. स्कूली और उच्च शिक्षा में छात्रों के लिए संस्कृत और अन्य प्राचीन भारतीय भाषाओं का विकल्प उपलब्ध होगा परन्तु किसी भी छात्र पर भाषा के चुनाव की कोई बाध्यता नही होगी।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 – प्रारंभिक बाल्यवस्था देखभाल और शिक्षा

1. बच्चों के मस्तिष्क का 85 प्रतिशत विकास 06 वर्ष की अवस्था से पूर्व ही हो जाता है।
2. अत: बच्चों के मस्तिष्क का उचित विकास और शारीरिक वृद्धि को सुनिश्चित करना।
3. प्रारंभिक बाल्यावस्था विकास, देखभाल के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के सार्वभौमिक प्रावधान को जल्द से जल्द, निश्चय ही वर्ष 2030 से पूर्व उपलब्ध किए जाने का उल्लेख है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पहली कक्षा में प्रवेश पाने वाले सभी बच्चे स्कूली शिक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार हो।

बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान – बुनियादी साक्षरता और संख्याज्ञान सीखने के लिए एक तात्कालिक आवश्यकता और पूर्व शर्त है तथा इन कौशलों को प्राप्त करने के लिए एक अभियान चलाया जाएगा। जिसे 2027 तक सीखने के बुनियादों लक्ष्यों को प्राप्त करना होगा।

स्कूली ढ़ाँचे में परिवर्तन – राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में 1986 की 10+2 वाली स्कूली शिक्षा व्यवस्था को 03 से 18 वर्ष के सभी बच्चों के लिए पाठ्यचर्चा और शिक्षण शास्त्रीय आधार पर 5+3+3+4 की एक नई व्यवस्था में पुर्नगठित किया गया है।

पिछला अकादमिक ढ़ांचा	नया शैक्षणिक और पाठ्यक्रम ढांचा
02 (Ages 16-18) 10 (Ages 06-16)	04(Class 09+012)(Ages 14-18) - Secenedary 03(Class 6+08)(11-14) – Middle 03(Class 03+05)(Ages 08-11) – pre parpatary 02years(Class 1 & 2)(Ages 06-08) - foundational 03 years (Anganwadi/pre school/ Balvatika)

निष्कर्षत: कहाँ जा सकता है, कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020–21 वी शताब्दी की पहली शिक्षा नीति है जिसका लक्ष्य हमारे देश के विकास के लिए अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना है। यह नीति भारत की परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों के आधार को बरकरार रखते हुए , 21 वी सदी की शिक्षा के लिए आकांक्षात्मक लक्ष्यों के संयोजन में शिक्षा व्यवस्था उसके नियमन और गर्वनेंस सहित, सभी पक्षों के सुधार और पूर्नगर्ठन का प्रस्ताव रखती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रत्येक व्यक्ति में निहित रचनात्मक क्षमताओं के विकास पर विशेष जोर देती है। यह नीति इस सिद्धांत पर आधारित है कि शिक्षा से न केवल साक्षरता और संख्याज्ञान जैसी 'बुनियादी क्षमताओं' के साथ साथ 'उच्चतर स्तर' की तार्किक ओर समस्या समाधान संबंधी संज्ञानात्मक क्षमतओं का विकास होना चाहिए बल्कि नैतिक सामाजिक और भावनात्मक स्तर पर भी व्यक्ति का विकास होना आवश्यक है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची:–

1. समग्र शिक्षा, म.प्र. राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल।
2. सामर्थ्य, म.प्र. राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल।
3. Ministry of Education, https://www.education.gov.in
4. https://hi-wikipedia.org

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

संस्कृत नाट्योत्पत्ति एवं प्रयोजन

डॉ. नलिनी तिलकर*

* सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (संस्कृत) शासकीय माधव महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – संस्कृत साहित्य में काव्य के दो भेद बताये गए हैं– दृश्य काव्य और श्रव्य काव्य इनमें से अभिनयपूर्वक रंगमंच पर प्रदर्शित किए जाने से हमारे नेत्रों का विषय बनने वाले नाटकादि दृश्य काव्य कहलाते हैं। इस दृश्य काव्य को नाट्य, रूप एवं रूपक भी कहा जाता है, जो इसकी अलग विशेषताओं पर आधारित भिन्न–भिन्न नाम हैं। 'अवस्थानुकृतिर्नाट्म' अभिनय करने वाले पात्र (नट आदि) के द्वारा राम, दुष्यन्त आदि नायक तथा सीता, शकुन्तला आदि नायिकाओं की सुख–दुख, हर्ष–शोक आदि अवस्थाओं का, अपने अभिनय कौशल से अनुकरण किया जाना ही नाट्य कहलाता है। नाट्य का अर्थ है अभिनय। अत: अभिनेय होने के कारण नाटकादि को नाट्य कहा जाता है। 'रूपं दृश्यतयोच्यते' वह नाट्य ही अभिनय द्वारा रंगमंच पर प्रदर्शित होने से हमारे नेत्रों के लिए दर्शनीय होता है। इसीलिए इसी को रूप भी कहा जाता है। जैसे कि प्रकृति में नीला, पीला, लाल, हरा आदि पदार्थ (वस्तुएँ) नेत्रों से देखे जाने के कारण रूप है वैसे ही नाटकादि भी नेत्र ग्राह्यं होने के कारण रूप कहलाता है। 'रूपक तत्समारोपात्:' रंगमंच पर राम आदि का अभिनय करने वाले पात्र (नट) में सहृदय जन राम आदि का आरोप कर लेते हैं अर्थात उसे राम आदि ही समझने लगते हैं। नट पर राम आदि का आरोप किए जाने के कारण जो पहले नाट्य और रूप कहा गया है वही रूपक भी कहलाता है इस तरह नेत्रों का विषय बनने से जो काव्य दृश्य काव्य रूप है वही अभिनेयता के कारण नाट्य और रूपक भी है। रूपक शब्द की निष्पत्ति रूप धातु में ण्वुल प्रत्यय के योग से होती है। ये दोनों ही शब्द साहित्य में 'नाट्य' के द्योतक है। नाट्यशास्त्र में 'दशरूप' शब्द का प्रयोग नाट्य की विधाओं के अर्थ में हुआ है।

दशरूपककार आचार्य धनंजय नाट्य की परिभाषा इस प्रकार देते हैं – 'अवस्थानुकृतिर्नाट्यम्' अर्थात् अवस्था के अनुकरण को नाट्य कहते हैं। भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र में नाटक की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहा है की नाटक में ज्ञान, शिल्प, विद्या, कला, क्रिया, कुशलता आदि सभी का समन्वय रहता है वह कहते हैं कि इनमें से कुछ भी ऐसा नहीं है जो नाटक आदि में ना हो इसीलिए कहा गया है।

न तज्ज्ञानं न तच्छिल्पं न सा विद्या न सा कला।
नासौ योगो न तत्कर्म नाट्येऽस्मिन् यन्न दृश्यते।। नाट्यशास्त्र 1/116

नाट्य दृश्य एवं श्रव्य काव्य होने के कारण मानव की बाह्य तथाआन्तरिक समस्त प्रकृतियों का अनुकरण ही है नाट्य अपने प्रेक्षकों को सभी प्रकार के दु:ख तथा क्लेश श्रम–शोक एवं खिन्नता से युक्त करके उनके हृदय को विश्रान्ति और आनन्द प्रदान करता है। इसके साथ लोकवृत्त में धर्माचरण करने का उपदेश देता है, जिसमें समस्त ज्ञान, समस्त शिष्य, समग्र विद्याए तथा समुची कला, योग कर्म आदि का समावेश हो वह नाट्यश है।

साहित्यशास्त्र में काव्य के दो भेद हैं। दृश्य काव्य, श्रव्य काव्य। दृश्य काव्य के द्वारा दर्शक किसी भी घटना या वस्तु का चाक्षुष ज्ञान ग्रहण करता है, किन्तु श्रव्य काव्य के द्वारा केवल श्रवण ही प्राप्त होता है। श्रव्य काव्य में आनन्दानुभूति कल्पना मार्ग से प्राप्त होती है जबकि दृश्य काव्य के द्वारा इसी आनन्द की प्राप्ति रंगमंच पर साकार रूप से होती है। जिसका अभिनय किया जा सके उसे दृश्य काव्य कहते हैं 'दृश्यं तत्राभिनेयं'। इसी दृश्य काव्य को रूप या रूपक संज्ञा से भी जाना जाता है।

संस्कृत साहित्यशास्त्रियों ने दृश्य और श्रव्य के रूप में दो वर्गों में रखा है। दृश्यकाव्य के दो भेद हैं रूपक तथा उपरूपक।रूपक के दस और उपरूपक के अठारह प्रकार होते हैं। रूपकों का एक प्रमुख भेद नाटक है। ये रूपक रसाश्रय होते हैं केवल भाव पर आश्रित नहीं रहते। इनके दस भेद किये गये हैं यथा–

अवस्थानुकृतिर्नाट्य रूपं दृश्यतयोच्यते।
रूपकं तत्समारोपाद् दशधैव रसाश्रयम्।।
नाटकं सप्रकरणं भाण: प्रहसनं डिम:ण्।
व्यायोगसमवकारौ वीथ्यंकेहामृगा इति।। दशरूपक 197–2

अर्थात् नाटक, प्रकरण, अङ्क, व्यायोग, भाण, समवकार, वीथी, प्रहसन, डिम और ईहामृग ये नाट्य अर्थात् रूपक के दश भेद हैं।

नाटक की उत्पत्ति के विषय में सर्वाधिक प्राचीन मत हमें भरतमुनि के नाट्य शास्त्र के प्रथम अध्याय में उपलब्ध होता है। इस अध्याय का नाम 'नाट्ययोत्पत्ति' है। इसके अनुसार नाटक पंचम वेद है, जिसकी सृष्टि ब्रह्मा ने महेन्द्र सहित देवसमूह की प्रार्थना पर की:

महेन्द्रप्रमुखैर्देवैरुक्तरू किल पितामह:।
क्रीडनीयकमिच्छामो दृश्यं श्रव्यचयद्भवेत।।नाट्य शास्त्र 1।11

अर्थात इन्द्र जिनका मुखिया था ऐसे देवताओं द्वारा पितामह ब्रह्माजी से कहा गया कि 'हम ऐसा खेल अथवा खिलौना चाहते हैं जो देखने तथा सुनने दोनों के योग्य हो। यह सुनकर ब्रह्मा ने चारों वेदों का ध्यानकर ऋग्वेद से पाठ्यसामग्री, सामवेद से गीत, यजुर्वेद से अभिनय और अथर्ववेद से रसों को ग्रहण करके यनाट्यवेद नामक पंचमवेद की सृष्टि की:

जग्राह पाठ्यं ऋग्वेदात्सामभ्यो गीतमेव च।
यजुर्वेदादभिनयांरसानाथर्वणादपि।। नाट्य शास्त्र 1।17

वेदापवेदै: संबद्धो नाव्यवेदो महात्मना ।
एवं भगवता सृष्टो ब्रह्मणा सर्ववेदिना ।। नाट्य शास्त्र 1।18

इस प्रकार सब वेदों के ज्ञाता महात्मा भगवान श्री ब्रह्मा जी के द्वारा वेदों और उपवेदों से सम्बन्ध रखने वाला यह नाट्यवेद रचा गया। उपवेद चार हैंकृआयुर्वेद, धनुर्वेद, गंधर्ववेद तथा स्थापत्यवेद। नाट्यवेद को उत्पन्न करके ब्रह्मा जी ने देवराज इन्द्र से कहा कि इसका अभिनय देवताओं से कराओ। जो देवता कार्यकुशल, पण्डित, वाक्पटु, तथा थकान को जीते हुए हों, उनको अभिनय का कार्य सोंपो। अर्थात अभिनेता के ये चार गुण हैकार्य कुशलता, पाण्डित्य, वाक्पटुता तथा थकान को जीतने की शक्ति। इन्द्र द्वारा देवताओं को अभिनय में असमर्थ बताने पर ब्रह्मा ने भरतमुनि के पुत्रों को इसकी शिक्षा देने के लिए कहा। ब्रह्माजी के कथानुसार इन्द्र के ध्वजोत्सव में नाट्यवेद सर्वप्रथम प्रयुक्त हुआ। इस अभिनय में देवों की विजय तथा दैत्यों का अपकर्ष प्रदर्शित हुआ, अत: उन्होंने विघ्न उपस्थित किया। इन विघ्नों से बचे रहने के लिए इन्द्र ने विश्वकर्मा से नाट्यगृह की रचना कराई। इसके उपरान्त ब्रह्मा ने दैत्यों को शान्त करने के लिए कहा कि नाट्यवेद देव और दैत्यों दोनों के लिए हैं तथा इसमें धर्म, क्रीड़ा, हास्य और युद्ध आदि सभी विषय ग्रहीत किये जा सकते हैं।

श्रंगारहास्यकरुणा रौद्रवीरभयानका:।
वीभत्साद्भुतसंज्ञौ चेत्यष्टौ नाट्य रसा: स्मृता:।। साहित्य दर्पण-308

नाट्य का प्रयोजन:

दु:खार्त्तानां श्रमार्त्तानां शोकार्त्तानां तपस्विनाम।
विश्रांतिजननं काले नाट्यमेतन्मयाकृतम।।नाट्य शास्त्र 1।114

अर्थात ब्रह्मा जी कहते हैं कि मेरे द्वारा रचा हुआ यह नाट्य दुरूख से पीड़ित, थकेमाँदे, शोक संतप्त लोगों के लिए उचित समय पर विश्राम देने वाला है।

धम्यं यशस्यमायुष्यं हितं बुद्धि विवर्द्धनम ।
लोकोपदेश जननं नाट्यमेतद्भविष्यति ।।नाट्य शास्त्र 1।115

यह नाटक धर्म, यश और आयु बढ़ानेवाला, हितकारी, बुद्धिवर्धक तथा लोकोपदेश का जन्मदाता होगा। इस नाटक में समस्त शास्त्र, शिल्प एवं विविध प्रकार के कर्म एकत्र एवं सन्निविष्ट रहते हैं।

अहो नाट्यमिंद सम्यक त्वया सृष्टं महामते।
यशस्यं च शुभार्थ च पुण्यं बुद्धि विवर्द्धनम ।।भरतमुनि, ना.शा. 4।12

आचार्य भरतमुनि के अनुरोध पर पितामह ब्रह्म के आदेश से विश्वकर्मा द्वरा निर्मित नाट्यशाला में जब अमृतमन्थन नामक समवकार और त्रिपुरदाह नामक डिम का अभिनय हुआ (नगपति हिमालय, कैलाश पर नाट्यशाला थी) तो उसमें देवता तथा दानवों ने अपने भावों एवं कर्मों का स्वाभाविक एवं सजीव प्रदर्शन देखकर हार्दिक उल्लास प्रकट करते हुए कहा यहे महामते, आपके द्वारा विरचित यह नाट्यरचना अत्यन्त सुन्दर है। यह यश, कल्याण, पुण्य तथा बुद्धि का विवर्द्धन करने वाली है।

अत: भरतमुनि ने नाटक को एक व्यापक और समृद्ध कला के रूप में देखा है जो मानव जीवन को सुधारने और समाज को एकजुट करने में मदद करती है। नाटक को देखकर , सुनकर सभी प्रकार के रसों की अनुभूति की जा सकती है। रसास्वादन, मनोरञ्जन व नवीन चिन्तन के कारण ही नाटक की लोकप्रियता वृद्धि को प्राप्त हो रही है संस्कृत रूपक में कवि अपने विचारों और भावना को प्रस्तुत करता है जिससे पाठक एवं दर्शक को उसके गूढ़ अर्थ और संदेश का अनुभव हो सके। भरत मुनि के नाट्यशास्त्र में लोक कल्याणकारी संदेशों का विशेष महत्व है यह संदेश नाटक के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन करते हैं और मानव जीवन को सार्थक और समृद्ध बनाने में सहायक होते हैं नाटक जीवन के उद्देश्य की समझ प्रदान करता है और मानव को अपने जीवन के उद्देश्य को समझने और लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित करता है। इस प्रकार संस्कृत रुपक एक साहित्यिक और दार्शनिक उपकरण हे जो हमें जीवन की गहराइयों को समझने में मदद करता है ।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. नाट्यशास्त्र,1/116
2. दशरूपक 197-2
3. नाट्यशास्त्र 1।11
4. नाट्यशास्त्र 1।17-18
5. साहित्य दर्पण-308
6. नाट्यशास्त्र 1।114-115
7. भरतमुनि, नाट्यशास्त्र 4।12

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Role and Challenges of Media in Strengthening Indian Democracy

Anshul Kumar Agrawal* Tejasvi Dubey**

*M.A.J.M.C, IGNTU, Amarkantak (M.P.) INDIA
** M.A. (Political Science) IGNOU, New Delhi, INDIA

Abstract : The main goal of this study is to examine the role of media in Indian democracy The media plays a crucial and determining role in promoting democracy. The media and mass communication act as watchdogs, scrutinizing the actions of government officials and holding them accountable for their actions and policy execution despite having multiple important and key influences in encouraging democracy. The media faces different challenges arising from other spheres. Different strategies to strengthen media are studied here.
Keywords: Media, Election, Government, Democracy, Organizations.

Introduction - Media is the engine that drives democracy forward, based on the quest for truth, justice, and equality. In today's digital age, the need for journalists to uphold standards of accuracy, impartiality, and responsibility in their reporting is paramount to successfully overcome the challenges posed by the rapidly changing media landscape. Article 19 of the Constitution of India guarantees the right to freedom of speech and expression and is typically invoked against the state. However, despite the constitutional protection, journalists and media outlets in India have faced a range of challenges, including threats, attacks, and intimidation from government officials, politicians, and non-state actors.

Development Of Media: The development of Indian media has been a dynamic journey marked by significant milestones that reflect the nation's socio-political evolution. In the early years post-independence, media primarily consisted of newspapers and radio, with limited reach. The first Indian newspaper, "Bengal Gazette," emerged in 1780, laying the groundwork for a vibrant print culture. By the mid-20th century, radio became a crucial tool for communication, particularly during the independence struggle, fostering national unity. The liberalization of the Indian economy in the 1990s catalyzed a media revolution. The introduction of satellite television transformed the landscape, offering diverse programming and breaking regional barriers. Channels like Zee TV and Star India popularized entertainment content, while news channels like NDTV and CNN-IBN provided 24-hour coverage, fostering a more informed public. Digital media has further reshaped Indian media since the 2000s. The internet boom has led to the proliferation of news websites and social media platforms, enabling instant communication and greater public participation. This democratization of information has empowered citizens but also posed challenges, such as the spread of misinformation. Today, Indian media encompasses a vast array of platforms, including print, television, radio, and digital media, each contributing to a vibrant discourse. Despite challenges like censorship and media consolidation, the Indian media continues to play a pivotal role in shaping public opinion and influencing democratic processes, reflecting the complexities of a diverse and rapidly evolving society.

Role of Media Play in Promoting Democracy: The media plays a crucial and determining role in promoting democracy. The relationship between the media and democracy can be traced under the following heads:

1**. Providing Vital And Authentic Information**: The media aims to inform people about current political issues, policies, and events, allowing them to make informed decisions about their leaders and government. The media acts as a bridge between the people and the legislative.

2. **Holding Leaders Accountable**: The media and mass communication acts as a watchdog, scrutinizing the actions of government officials and holding them accountable for their actions and policy execution. The policies and frameworks of top leaders and legislature are morally answerable to the media of the country.

3**. Encouraging Public Debate and Healthy Communication**: The media provides a platform for public debate and discussion about current political issues prevailing across the country, which is very essential for a healthy and strong democracy. Debate between the ruling party and the opposition provides a proper understanding of ongoing issues to citizens with the help of the media and its associates

4. **Providing Space for Diverse Perspectives**: The media should represent a range of perspectives and viewpoints, giving citizens access to a variety of opinions and ideas.
5. **Empowering and Educating People**: The media should educate citizens about the democratic process, helping them understand how government works and how to participate in it effectively. The complex and political processes are informed to citizens with the help of media. Information and communication technology has played a very important role in increasing the voting process and smooth conducting of elections
6. **Role of media in public policy**: The policy output is actually authoritative action i.e. the decisions of the government on various problems of the people. The media directly can't shape the policy but definitely it can criticize the policy and force the government to change the policy in case if it is not in the interest of the people. Media mediates between the state and the society and hence criticism by the media has a very adverse impact on the popularity of the ruling party. In a way, the media exercises a decisive influence over public policy. Media is the regulating flow of communication between the policymakers, policy, and others in any political system. This role of media influences policy-making and hence makes a country and its political system more democratic.

Challenges and Difficulties of Media: Despite having multiple importance and a key influence in encouraging democracy. The media faces different challenges arising from different spheres. The major challenges of media are listed below.

1. **Polarity and Media Bias**: Media bias can distort the information that is presented to the public, leading to a lack of objectivity and an imbalance in the information that is available. This can result in a polarized public opinion and a lack of trust in the media. The mainstream media in India is often indulged in either being pro-government or totally against them they are choosing extreme points of view and are not trying to balance out, rather ignoring issues related to common folks
2. **Unauthentic and Fake News**: The rise of social media has made it easier for fake news to spread rapidly, often leading to confusion and misinformation among the public. This can undermine the credibility of the media and lead to a lack of trust in the information that is presented
3. **Private and Corporate Influence**: Media outlets are often owned by large corporations, which can influence the editorial policies and reporting of the media. This can lead to a lack of diversity of perspectives and a focus on profit over public interest. Private group influence media by investing amounts on it.
4. **Difficult Norms and Government Censorship**: Governments may use censorship to control the flow of information and suppress dissent. This can lead to a lack of transparency and accountability in the government and limit the ability of the media to act as a watchdog. Difficult norms and censorship make media participation difficult.
5. **Issue of Legitimacy**: A diverse and representative newsroom is essential for media institutions to provide well-researched and complex stories that explore a multiplicity of perspectives and voices. The issue of legitimacy with media refers to the concern that media outlets may not always provide accurate, unbiased, or truthful information. This can arise due to various factors such as political biases, commercial interests, sensationalism, and lack of journalistic standards.
6. **Gender Diversity and Lack of Women Participation:** The lack of gender diversity in the media is another important issue to consider. Women are underrepresented in both the ownership and workforce of media organizations, which limits the diversity of perspectives and voices in the media. Participation of women should be increased.
7. **Media Trial and Defame:** There have been instances when the media has carried narratives that make a person guilty in the eyes of the public, even before the court finds them guilty. Example: One example of a media trial in India was the famous Sushant Singh Rajput case. The case received extensive media coverage and the media played a significant role in shaping public opinion and influencing the investigation and subsequent court proceedings. This can have long-lasting repercussions on the lives of the affected individuals, as well as on due process.

Ways For Strengthening Media: According to the Madrid Principles on the Relationship Between the Media and Judicial Independence, it is the job of the media to "convey information to the public and to comment on the administration of justice, including cases before, during and after trial, without violating the presumption of innocence

1**. Promote Higher Accuracy and Fact-Checking**: It is the collective responsibility of journalists as well as other stakeholders to weed out any element of bias or prejudice from the process of reporting events. A comprehensive fact-checking mechanism should be in place to verify all news items before reporting. Media houses are expected to act cautiously while publishing news.
2. **Providing Diverse Perspectives**: The media should strive to represent diverse voices and perspectives to ensure that all viewpoints are heard and considered. This can help to promote a more informed and engaged citizenry.
3. **Hold those in Power Accountable and Check and Balance**: One of the key roles of the media is to hold those in power accountable by reporting on their actions and decisions. This includes investigating corruption and abuse of power.
4. **Encouraging Public Discourse:** The media can play a key role in fostering public discourse by providing a platform for debate and discussion. This can help to promote understanding and dialogue between different groups, leading to more informed and inclusive decision-making.
5. **Tackling with Bias**: The media should strive to avoid bias in its reporting to ensure that it is perceived as fair and

objective by all parties. This can help to build trust in the media and promote its role in democracy.

6. **Solving Online Harassment of Journalists**: Journalists are facing online harassment due to the rise of social media. This affects their safety and freedom of expression. India needs to take measures to address this issue and ensure the safety of journalists

7. **Encouraging Media Literacy and Framework**: While the media has an important role in promoting democracy, citizens also have a responsibility to consume news critically and discerningly. Media literacy programs can help citizens to better understand how the media works, how to distinguish between reliable and unreliable sources, and how to engage in informed public discourse.

8. **Encouraging Independent Journalism**: In addition to large mainstream media outlets, there is a need to support and promote independent journalism in India. This can include funding for investigative reporting, support for community-based media, and protection for freelance journalists and stringers who often face greater risks than staff journalists

9**. Providing Legal Protection for Journalists**: Generally journalists and media outlets are subjected to threats, attacks, and intimidation from various sources. Therefore, the government could consider enacting a law that specifically protects journalists and media outlets from harassment and violence. While Article 19 of the Indian Constitution guarantees freedom of speech and expression, there are no specific provisions for the protection of journalists.

10**. Maintaining Media Ethics**: It is very important that the media stick to the core principles like truth and accuracy, transparency, independence, fairness and impartiality, responsibility, and fair play.

Conclusion: In conclusion, the changing role of media in Indian democracy reflects the complexities of a rapidly evolving society. Historically, media has been a powerful tool for information dissemination, acting as a catalyst for social change and political awareness. Today, with the advent of digital technology and social media, its influence has expanded dramatically. Citizens now have unprecedented access to information, enabling them to engage actively in the democratic process and hold power to account. However, this transformation is not without challenges. The rise of misinformation and sensationalism threatens to undermine informed public discourse. Additionally, issues of media ownership concentration and censorship raise concerns about the diversity of perspectives and the independence of journalism. In this landscape, the media must navigate the fine line between freedom of expression and responsible reporting. As Indian democracy grapples with these challenges, the media's role as a watchdog, educator, and platform for dialogue remains crucial. It has the potential to amplify marginalized voices and foster a more inclusive political environment. To fulfill this role effectively, media institutions must prioritize ethical journalism, transparency, and accountability. Ultimately, the evolution of media in India is a double-edged sword; while it holds immense potential for enhancing democratic engagement, it also necessitates vigilance and responsibility to ensure it serves the public interest. A strong, independent media will be essential for nurturing the democratic ideals that India aspires to uphold in the years to come.

References :-

1. Article "The Role of Political Parties in Making Democracy Work", https://v-dem.net/media/publications/brief3.pdf
2. Article " Political Parties and Democracy, https://www.annualreviews.org/doi/10.1146/annurev. polisci.2.1.243
3. "The Role of Political Party", https://uk.usembassy.gov/role-political-parties/
4. Changing Party System in India: Implications for Political Change,(Article by Vandana Agarwal in the Journal of South Asian and Middle Eastern Studies), https://www.jstor.org/stable/2645573

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

राजस्थान में जलग्रहण प्रबंधन

संजय सिंह गुर्जर* डॉ. एल. सी. अग्रवाल**

* शोधार्थी, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा (राज.) भारत
** प्रोफेसर (भूगोल) राजकीय कला महाविद्यालय, कोटा एवं शोध निर्देशक, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा (राज.) भारत

शोध सारांश – राजस्थान राज्य भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्र का लगभग 10.4% हिस्सा घेरता है, जबकि यहाँ भारत की लगभग 5.66% से अधिक आबादी निवास करती है। दुर्लभ भूमि, जल और जैविक संसाधनों पर समाज की अभूतपूर्व जनसंख्या दबाव और मांग तथा इन संसाधनों का बढ़ता क्षरण हमारे पारिस्थितिकी तंत्र और समग्र रूप से पर्यावरण की स्थिरता और लचीलेपन को प्रभावित कर रहा है। इसलिए, राजस्थान में उत्पादक कृषि भूमि निरंतर क्षरण की अलग-अलग डिग्री की प्रक्रिया में है और तेजी से बंजर भूमि में बदल रही है। इस पारिस्थितिक असंतुलन को ठीक करने के लिएगैर-वन बंजर भूमि का विकास करना आवश्यक है। उपलब्ध भूमि संसाधनों की पूरी क्षमता का दोहन करने और इसके आगे क्षरण को रोकने के लिए बंजर भूमि का विकास बहुत महत्वपूर्ण है। क्षरित भूमि, जल और इसके प्रबंधन की समस्या जटिल और बहुआयामी है तथा इसके विकास का उद्देश्य जलग्रहण विकास और प्रबंधन में मानव संसाधन का विकास करना, सतत विकास के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना और जलग्रहण विकास में कार्यरत मौजूदा कार्यबल का रखरखाव करना तथा जलग्रहण प्रबंधन दृष्टिकोण के आधार पर विकास में काम करने के लिए ग्रामीण युवाओं में कौशल विकसित करना और प्राकृतिक संसाधनों का सतत विकास करना है।

शब्द कुंजी –जलग्रहण प्रबंधन, भूमि संसाधन।

प्रस्तावना – भूमि, जल और वनस्पति जीवन समर्थन प्रणाली के तीन बुनियादी संसाधन हैं। मानव और पशुधन आबादी में तेजी से वृद्धि, भोजन, चारा और ईंधन की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन और इन संसाधनों के अवैज्ञानिक प्रबंधन के कारण पारिस्थितिकी तंत्र नाजुक और अस्थिर हो जाता है। भूमि, जल और वनस्पति संसाधनों का प्रभावी संरक्षण और प्रबंधन इन संसाधनों को नुकसान पहुँचाए बिना उनसे इष्टतम और निरंतर लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से किया जा सकता है, जिसे जलग्रहण को विकास की बुनियादी इकाई के रूप में अपनाकर हासिल किया जा सकता है। जलग्रहण एक प्राकृतिक जल विज्ञान इकाई है, यह विभिन्न इंजीनियरिंग, जैविक और सांस्कृतिक उपचारों के लिए सबसे प्रभावी रूप से प्रतिक्रिया करता है। जलग्रहण के आउटलेट पर अपवाह और गाद की निगरानी मिट्टी और पानी के संरक्षण और वनस्पति की रक्षा के उद्देश्य से विभिन्न उपचारों के प्रभाव का आकलन करने में मदद कर सकती है। जलग्रहण प्रबंधन में सभी प्रकार के क्षरण के खिलाफ भूमि की सुरक्षा, क्षरित भूमि की बहाली, तलछट नियंत्रण, प्रदूषण नियंत्रण और बाढ़ की रोकथाम आदि शामिल हैं।

परिभाषाएँ:

1. जलग्रहण

i. जलग्रहण एक धारा पर दिए गए जल निकासी बिंदु के ऊपर का क्षेत्र है जो उस बिंदु पर प्रवाह में पानी का योगदान देता है।

ii. जलग्रहण एक प्राकृतिक इकाई है जो अपवाह जल को आउटलेट के सामान्य बिंदु पर ले जाती है।

iii. जलग्रहण भू-जल विज्ञान इकाई या भूमि का एक टुकड़ा है जो सामान्य बिंदु पर जल निकासी करता है। जलग्रहण बेसिन या जल निकासी बेसिन जलग्रहण के पर्यायवाची हैं।

2. जलग्रहण प्रबंधन – जलग्रहण एक स्थलाकृतिक रूप से परिभाषित क्षेत्र है, जो एक जलधारा प्रणाली द्वारा जल निकासी करता है। जलग्रहण अपने भौतिक और जल विज्ञान संबंधी प्राकृतिक संसाधनों के साथ-साथ मानव संसाधनों से बना होता है। इस प्रकार जलग्रहण के प्रबंधन में प्राकृतिक और मानव संसाधनों के लिए न्यूनतम जोखिम के साथ इष्टतम उत्पादन के लिए भूमि और जल संसाधनों का तर्कसंगत उपयोग शामिल है। इसलिए, जलग्रहण प्रबंधन, मिट्टी और जल संसाधनों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किए बिना वांछित वस्तुओं और सेवाओं को प्रदान करने के लिए जलग्रहण में भूमि उपयोग और अन्य संसाधनों के उपयोग को निर्देशित और व्यवस्थित करने की प्रक्रिया है। इस अवधारणा में भूमि उपयोग, मिट्टी और पानी के बीच अंतर्संबंधों और ऊपरी और निचले क्षेत्रों के बीच संबंधों की पहचान शामिल है।

जलग्रहण प्रबंधन के उद्देश्य:

1. राजस्थान के विभिन्न कृषि-पारिस्थितिक क्षेत्रों में जलग्रहण स्तर पर जल-मौसम विज्ञान, मिट्टी, पोषक तत्व और प्रक्रिया-संबंधी मापदंडों पर उपकरण के माध्यम से डेटा तैयार करना।
2. जलग्रहण जल विज्ञान पर मॉडलिंग अध्ययन करना।
3. जलग्रहण पैमाने पर भूमि और जल प्रबंधन के लिए स्थानिक निर्णय समर्थन प्रणाली विकसित करना।

4. मिट्टी और जल संरक्षण के लिए ऑन-साइट और ऑफ-साइट प्रबंधन संरचनाओं के प्रभाव का आकलन करना।

According to Ministry of Statistics and Program Implementations (MoSPI) 26th edition "Women and Men in India: Selected Indicators and Data". Women in India own 39.2% of all bank accounts and 39.7% of total deposits, with a higher percentage of 42.2% in rural areas. Even in share markets women's participation is growing with a significant rise in DEMAT account. The number offemale accounts grew 6.67 million in 2021 to 27.71 million in 2024. It is more than fourfold growth. RBI's Economic intelligence cell research "Financial Empowerment of Women: Deposit Pattern and insight" highlights the significant increase in the share of females accounts and deposits. Still lacking from men but it reflects a positive trend in women's financial inclusion.

Conclusion: Irrespective of caste, creed, religion, colour and gender, the Indian Constitution guarantees justice and equality in all segments of our society. Since Independence, to safeguard the interests of women, much legislation have been enacted by both Central and State Governments. Subsequently, various amendments were also made in the existing laws to handle even atrocities and crimes against women. Despite these measures, the crime against women and gender inequality is prevailing in society. Reducing such gender-based social barriers requires a mindset change of deep-rooted beliefs against this vulnerable group and more concern on appropriate gender roles, and taking stringent action to ensure more significant gender equity.

No doubt, increasing the participation and involvement of women in development and reducing social barriers is essential. They act as complements to creating an environment in which they have greater opportunity and security. Added to this, to bring about gender equality, policymakers need to focus their actions on five clear priorities namely reducing the mortality of girls and women; eliminating gender disparity in education; increasing women's access to economical and productive resources and thus earnings and productivity; giving women equal rights in households and societies and preventing transmission of gender inequality across generations. Though economic growth per-se is not sufficient to promote gender equality, the outcomes of such growth will be acceptable only when they are accompanied by equal rights to access to resources by omen as that of men.

References:-

1. A gender– Repressive Approach to Natural Resourses. Available at:https://globalaffairs.org/commentary/blogs/gender-responsive-approach-natural-resources
2. FAO (2011a) The State of Food and Agriculture, 2010 – 2011. Rome: FAO.
3. Galab, S. and Rao, C. (2003) Women self-help groups: poverty alleviation and empowerment.
4. *Economic and Poverty Weekly* 38(12/13): 1274–1283.
5. Government of India (1998) Ministry of Rural Areas and Employment, Report of the Committee for Gender Equality in Land Devolution in Tenurial Laws, New Delhi
6. Government of India (2003), Report on Agricultural Census, 1995-96, Ministry of Agriculture, GOI, New Delhi.
7. https://www.undp.org/publications/women-and-natural-resources
8. https://www.undp.org/publications/women-and-natural-resources
9. https://documents1.worldbank.org/curated/en/099116007012231127/pdf/IDU098b40b9e0f0b6043ec0b51d07c00e31478db.pd
10. IFAD (2009) *Gender and Livestock: Tools for Design*. Rome: IFAD. Available at: http://www. ifad.org/lrkm/events/cops/papers/gender.pdf
11. Ministry of Statistics and Program Implementations (MoSPI) 26th edition "Women and Men in India: Selected Indicators and Data".
12. NABARD, Annual Report, 2012-13, Mumbai
13. Shicai, S. and Jie, Q. (2009) Livestock projects in southwest China: women participate, everybody benefits. *Leisa Magazine* 25(September 3).
14. United Nations (2009) World Survey on the Role of Women in Development Women's Control over Economic Resources and Access to Financial Resources including Microfinance, Department of Economic and Social Affairs, Division for Advancement of Women. ST/ESA/326
15. World Development Report 2000-2001 (Chapter 7) Removing Social Barriers and Building Social Institutions.

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

संयुक्त राष्ट्र में भारत की भूमिका का विश्लेषणात्मक अध्ययन

डॉ. शोभा गौतम*

* सह आचार्य (राजनीति विज्ञान) से.मु.मा. राजकीय कन्या महाविद्यालय, भीलवाड़ा (राज.) भारत

शोध सारांश – भारत संयुक्त राष्ट्र के मूल संस्थापक देशों में से एक रहा है। भारत ने सदैव संयुक्त राष्ट्र संघ के उद्देश्यों और सिद्धांतों के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की है तथा संयुक्त राष्ट्र संघ के विभिन्न अंगों में अपनी सक्रिय सहभागिता प्रदर्शित की है।संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में भी भारत का योगदान अद्वितीय रहा है। अनेक भारतीय संयुक्त राष्ट्र के अंगों एवं एजेंसियों में विभिन्न पदों पर रहे हैं। वर्तमान समय में भी भारत संयुक्त राष्ट्र में सहयोग के माध्यम से विभिन्न अंतरराष्ट्रीय समस्याओं के समाधान में सहयोग दे रहा है। प्रस्तुत शोध पत्र में संयुक्त राष्ट्र में भारत की भूमिका का विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है।

शब्द कुंजी – संस्थापक, उद्देश्यों ,सिद्धांतो, शांति सेना।

प्रस्तावना – भारत संयुक्त राष्ट्र के संस्थापक सदस्यों में से एक था, जिसने 1 जनवरी 1942 को वाशिंगटन डीसी में संयुक्त राष्ट्र की घोषणा पर हस्ताक्षर किए थे और 25 अप्रैल से 26 जून 1945 तक सैन फ्रांसिस्को में आयोजित संयुक्त राष्ट्र के अंतर्राष्ट्रीय संगठन सम्मेलन में भी भाग लिया था। संयुक्त राष्ट्र के संस्थापक सदस्य के रूप में, भारत संयुक्त राष्ट्र के उद्देश्यों और सिद्धांतों का दृढ़ता से समर्थन करता है और चार्टर के लक्ष्यों को लागू करने और संयुक्त राष्ट्र के विशेष कार्यक्रमों और एजेंसियों के विकास में भारत महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

संयुक्त राष्ट्र के उद्देश्य इस प्रकार है :

1. अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखना और इस उद्देश्य के लिए प्रभावी सामूहिक सुरक्षा उपाय करना।
2. सभी देशों मध्य मैत्रीपूर्ण संबंधों का विकास करना।
3. आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और मानवीय समस्याओं के समाधान के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग प्राप्त करना।
4. इन सामान्य उद्देश्यों की उपलब्धि के लिए एक समीकरण केंद्र का कार्य करना।

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि – भारत संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न प्रमुख अंगों तथा उसकी विशिष्ट एजेंसी के साथ सक्रिय सहयोग करता रहा है।

भारत संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद, मानवाधिकार परिषद, अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ नियंत्रण बोर्ड और अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय जैसे संयुक्त राष्ट्र के अंगों में समय-समय पर सक्रिय सदस्य रहा है।विजय लक्ष्मी पंडित संयुक्त राष्ट्र महासभा के आठवें अधिवेशन की अधयक्ष रही है। बी.एन.राव एवं डॉ. नगेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के ख्याति प्राप्त न्यायाधीश रहे हैं।

भारत औपनिवेशिक देशों और लोगों को स्वतंत्रता प्रदान करने संबंधी संयुक्त राष्ट्र की ऐतिहासिक 1960 की घोषणा का सह-प्रायोजक था, जिसमें उपनिवेशवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों को बिना शर्त समाप्त करने की आवश्यकता पर बल दिया गया था। भारत को विऔपनिवेशीकरण समिति (24 सदस्यीय समिति) का पहला अध्यक्ष भी चुना गया था, जहाँ उपनिवेशवाद को समाप्त करने के लिए उसके अथक प्रयासों का रिकॉर्ड है। भारत दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद और नस्लीय भेदभाव के सबसे मुखर आलोचकों में से एक था। वास्तव में, भारत संयुक्त राष्ट्र में इस मुद्दे को उठाने वाला पहला देश था (1946 में) और महासभा द्वारा स्थापित रंगभेद विरोधी उप-समिति के गठन में अग्रणी भूमिका निभाई। जब 1965 में नस्लीय भेदभाव के सभी रूपों के उन्मूलन पर सम्मेलन को अपनाया गया, तो भारत शुरुआती हस्ताक्षरकर्ताओं में से एक था।

मानवाधिकार की सार्वभौमिक घोषणा में योगदान – संयुक्त राष्ट्र संघ में मानवाधिकार की सार्वभौमिक घोषणा में भारत का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। हंसा मेहता संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग में भारत की प्रतिनिधि थी उन्होंने प्रारूप में 'All men are born free' को बदलकर 'All human beings are born free' करवाया। जिससे लैंगिक समानता सुनिश्चित हुई।

निरस्त्रीकरण की दिशा मे योगदान – 1978 में निरस्त्रीकरण पर केंद्रित संयुक्त राष्ट्र महासभा के पहले विशेष सत्र में, भारत ने कई अन्य गुटनिरपेक्ष देशों के साथ मिलकर एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें परमाणु हथियारों के इस्तेमाल को मानवता के विरुद्ध अपराध घोषित किया गया। सन् 1982 में महासभा के दूसरे विशेष सत्र में परमाणु हथियारों के अप्रयोग पर एक मसौदा सम्मेलन के साथ इसे और मजबूत किया गया।

1988 में, निरस्त्रीकरण पर संयुक्त राष्ट्र महासभा के तीसरे विशेष सत्र में भारत ने परमाणु-हथियार-मुक्त और अहिंसक विश्व व्यवस्था की स्थापना के लिए एक कार्य योजना प्रस्तुत की। यह एक चरणबद्ध योजना थी जिसमें चरणबद्ध दृष्टिकोण का उल्लेख था, जिसका उद्देश्य सभी परमाणु शस्त्रागारों का सत्यापन योग्य उन्मूलन करना था।भारत उन देशों में से एक था जिसने 1995 में अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) के समक्ष याचिका दायर करने में अग्रणी भूमिका निभाई थी, जिसके परिणामस्वरूप एक वर्ष बाद आईसीजे ने परमाणु हथियारों के खतरे या उपयोग की अवैधाता पर ऐतिहासिक मत

दिया था। हमने आईसीजे के इस कथन का स्वागत किया है कि परमाणु निरस्त्रीकरण की दिशा में सभी पहलुओं पर सद्भावनापूर्वक वार्ता करने और उसे प्रभावी अंतर्राष्ट्रीय नियंत्रण के तहत अंतिम रूप देने का दायित्व है।

आतंकवाद का विरोध– भारत आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति का पालन करता है।भारत ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा अपनाए गए आतंकवाद पर सभी प्रमुख सम्मेलनों और प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर और पुष्टि की है और इस संबंध में सभी प्रमुख वैश्विक पहलों का हिस्सा है।भारत ने 1996 में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक अभिसमय का प्रस्ताव रखा। भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद विरोधी समिति के माधयम से वैश्विक सहयोग को मजबूत कर रहा है।

भारत के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया। यह 2014 में 177 देश के सह प्रायोजन के साथ संपन्न हुआ जो कि भारत की सॉफ्ट पावर का प्रतीक है। कोविड–19 महामारी के दौरान भारत ने संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों को कोविड के टिके उपहार में दिए जिससे कि वैश्विक एकजुटता में वृद्धि हुई है।

भारत और सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता – अब तक भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का आठ बार सदस्य रह चुका है। आखिरी बार 2021–22 में अस्थायी सदस्य बना थास संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता को लेकर भारत निरन्तर प्रयासरत है । अमेरिका और रूस समेत दुनिया के अनेक देश भारत की स्थायी सदस्यता के पक्षधार हैंस भारत अर्थव्यवस्था के मामले में दुनिया का पांचवां देश है। आज भारत एक परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र है । भारत को विश्व व्यापार संगठन, ब्रिक्स और जी–20 जैसे आर्थिक संगठनों में प्रभावशाली माना जा सकता है। भारत की विदेश नीति तुलनात्मक रूप से प्रखर हुई है और विश्व शांति को बढ़ावा देने वाली है। संयुक्त राष्ट्र की सेना में सबसे ज्यादा सैनिक भेजने वाले देश के होने के कारण भी भारत सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता का प्रबल दावेदार है। भारत इस प्रयास में द्विपक्षीय और बहुपक्षीय दोनों स्तरों पर संपर्क बनाए हुए है। भारत का दृढ़ विश्वास है कि उसके पास एक पुनर्गठित और विस्तारित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने के लिए ऐसी सभी योग्यताएँ हैं जो समकालीन वैश्विक वास्तविकताओं को दर्शाती हैं।किसी भी वस्तुपरक मानदंड जैसे जनसंख्या, क्षेत्रीय आकार, सकल घरेलू उत्पाद, आर्थिक क्षमता, सभ्यतामूलक विरासत, सांस्कृतिक विविधता, राजनीतिक प्रणाली और संयुक्त राष्ट्र के कार्यकलापों में विगत तथा चालू योगदान – विशेषकर संयुक्त राष्ट्र शांति सेना की कार्रवाइयों के आधार पर भारत स्थायी सदस्यता के लिए प्रमुख पात्र देश है।

भारत यूएनएससी सुधारों पर चल रही अंतर–सरकारी वार्ता (आईजीएन) में सक्रिय रूप से शामिल है। भारत जी–4 समूह (भारत, जापान, ब्राजील और जर्मनी) और एल 69 समूह (एशिया, अफ्रीका और लातिन अमेरिका के विकासशील देशों का अंतर–क्षेत्रीय समूह) में अपनी सदस्यता के माध्यम से अन्य सुधार–उन्मुख देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है ताकि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार के लिए संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों के बीच समर्थन बनाया जा सके। भारत ग्लोबल साउथ के देशों के साथ भी लगातार संपर्क बनाए हुए हैं।संयुक्त राष्ट्र महासभा के 77वें सत्र के अध्यक्ष क्साबा कॉरोसी ने 29–30 जनवरी 2023 को भारत का दौरा किया। इस अपनी यात्रा के दौरान एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कॉरोसी ने कहा कि 'सुरक्षा परिषद की वर्तमान संरचना 1945–46 के आधार पर है' तब से लेकर अब तक दुनिया काफ़ी बदल चुकी है और शक्ति का संतुलन बदल गया है, 'लेकिन ये बदलाव सुरक्षा परिषद में नहीं दिखता है'।कॉरोसी ने ज़ोरदार ढंग से सुरक्षा परिषद में भारत को शामिल करने का समर्थन किया।

भारत में संयुक्त राष्ट्र – संयुक्त राष्ट्र भारत को गरीबी और असमानता को समाप्त करने और वैश्विक स्तर पर स्वीकृत सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप सतत विकास को बढ़ावा देने की आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद करने के लिए रणनीतिक सहायता प्रदान करता है। संयुक्त राष्ट्र विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत को तीव्र परिवर्तन और विकास प्राथमिकताओं के प्रति उसकी महत्वाकांक्षी प्रतिबद्धताओं में भी समर्थन देता है।भारत में, एक सहयोगात्मक और समावेशी योजना दस्तावेज, संयुक्त राष्ट्र सतत विकास सहयोग ढांचा (यूएनएसडीसीएफ) द्वारा निर्देशित होता है, जो भारत सरकार और भारत में संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के बीच सहयोग, परिणामों और रणनीतियों का एक ढांचा है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की प्राप्ति में योगदान देना है।यूएनएसडीसीएफ भारत सरकार और संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के बीच एक साझेदारी ढांचे के रूप में कार्य करता है और राष्ट्रीय स्तर पर नीति आयोग के समग्र समन्वय के तहत इसे क्रियान्वित किया जा रहा है। वैश्विक स्तर पर सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की सफलता निर्धारित करने में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण है। 2015 में संयुक्त राष्ट्र सतत विकास शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था, 'मानवता के छठे हिस्से का सतत विकास विश्व और हमारे सुंदर ग्रह के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। यह एक ऐसी दुनिया होगी जिसमें चुनौतियां कम होंगी और आशा अधिक होगी; और सफलता के प्रति अधिक विश्वास होगा।'

संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में भारत की भूमिका – भारत का संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में सेवा करने का एक लंबा और प्रतिष्ठित इतिहास है, जो 1953 में कोरिया में संयुक्त राष्ट्र अभियान में इसकी भागीदारी से शुरू होता है।1950 के दशक से, भारत ने दुनिया भर में 50 से अधिक मिशनों में 290,000 से अधिक शांति सैनिकों को भेजा है, जिससे यह संयुक्त राष्ट्र शांति प्रयासों में सबसे बड़ा योगदानकर्ता बन गया है। कोरिया, कांगो , लेबनान सोमानिया सूडान जैसे देशों में शांति स्थापना में भारतीय सैनिकों का अमूल्य योगदान है।वर्तमान में, 5,000 से अधिक भारतीय सैनिक ग्यारह सक्रिय मिशनों में से नौ में सेवारत हैं, ये अक्सर खतरनाक और शत्रुतापूर्ण क्षेत्रों में होते हैं, जो वैश्विक शांति और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए समर्पित होते हैं। भारत वैश्विक दक्षिण राष्ट्रों को उनकी शांति स्थापना क्षमताओं को मजबूत करने में मदद करने के लिए समर्पित है।

29 मई, 2024 तक भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा संचालित संयुक्त राष्ट्र के नौ शांतिरक्षा मिशन

संयुक्त राष्ट्र अलगाव पर्यवेक्षक बल (UNDOF)	गोलान हाइट्स	रसद सुरक्षा के लिए 188 कर्मियों वाली रसद बटालियन
लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (UNIFIL)	लेबनान	762 कर्मियों और 18 स्टाफ अधिकारियों वाला पैदल सेना बटालियन समूह
संयुक्त राष्ट्र युद्धविराम पर्यवेक्षण	मध्य पूर्व	सैन्य पर्यवेक्षक और संगठन

(यूएनटीएसओ)		सहायक कर्मचारी
साइप्रस में संयुक्त राष्ट्र शांति सेना (UNFICYP)	साइप्रस	अधिकारियों को स्टाफ और सैन्य पर्यवेक्षकों के रूप में तैनात करना
कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र संगठन स्थिरीकरण मिशन (MONUSCO)	कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य	पैदल सेना बटालियन, और चिकित्सा इकाइयाँ सहायक कर्मचारी
दक्षिण सूडान में संयुक्त राष्ट्र मिशन (UNMISS)	दक्षिण सूडान	पैदल सेना बटालियन, चिकित्सा कर्मी और इंजीनियरिंग इकाइयाँ
अबेई के लिए संयुक्त राष्ट्र अंतरिम सुरक्षा बल (यूएनआईएफएसए)	अबेई	सैन्य पर्यवेक्षक और स्टाफ अधिकारी
मध्य अफ्रीकी गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र बहुआयामी एकीकृत स्थिरीकरण मिशन (MINUSCA)	केन्द्रीय अफ़्रीकी गणराज्य	गठित पुलिस इकाइयाँ (एफपीयू) और सैन्य पर्यवेक्षक
पश्चिमी सहारा में जनमत संग्रह के लिए संयुक्त राष्ट्र मिशन (MINURSO)		

संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना केंद्र के जरिए, भारत महिला शांति सैनिकों के लिए विशेष पाठ्यक्रमों सहित प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रम प्रदान करना जारी रखे हुए है।

चुनाव: भारत उन चुनिंदा देशों में से एक है जिनके उम्मीदवारों ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में हुए सभी चुनाव जीते हैं।

नवंबर 2017 में न्यायाधीश दलवीर भंडारी का अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में चुनाव भारत के लिए एक ऐतिहासिक घटना थी।

नवंबर 2017 में न्यायाधीश दलवीर भंडारी का अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में चुनाव भारत के लिए एक ऐतिहासिक घटना थी, क्योंकि भारत ने पी5 सदस्य देश ब्रिटेन के एक मौजूदा न्यायाधीश को हराकर अभूतपूर्व सफलता हासिल की थी।

डॉ. नीरू चड्ढा जून 2017 में अंतर्राष्ट्रीय समुद्री कानून न्यायाधिकरण (आईटीएलओएस) की न्यायाधीश के रूप में चुनी जाने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।उनका कार्यकाल 2017–2026 तक रहेगा।

डॉ. अनिरुद्ध राजपूत नवंबर 2016 में अंतर्राष्ट्रीय विधि आयोग (आईएलसी) के लिए चुने गए।

उनका कार्यकाल 2017–2021 तक रहा। उन्हें एशिया–प्रशांत समूह में सबसे अधिक वोट (कुल 193 में से 160 वोट) मिले थे।

भारत को अक्टूबर 2018 में मानवाधिकार परिषद के लिए 2019–2022 की अवधि के लिए चुना गया, जिसमें उसे सबसे अधिक वोट (188/193) मिले।

सुश्री जगजीत पावड़िया को 7 मई 2019 को अंतर्राष्ट्रीय नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड (INCB) के सदस्य के रूप में 2020–25 की अवधि के लिए सबसे अधिक वोट (54 सदस्यीय ECOSOC में से 44) प्राप्त करके पुन: चुना गया।

15 सितंबर 2020 को, भारत को ECOSOC द्वारा महिला स्थिति आयोग के लिए चुना गया। भारत को 54 में से 38 वोट मिले। CSW में भारत का कार्यकाल 2021 से 2025 तक रहेगा। भारत को कार्यक्रम और समन्वय समिति (CPC) और जनसंख्या और विकास आयोग के लिए भी चुना गया।

सुश्री विदिशा मैत्रा को महासभा के मतदान द्वारा प्रशासनिक और बजटीय मामलों की सलाहकार समिति के लिए चुना गया।सुश्री विदिशा ने सबसे अधिक वोट प्राप्त किए।

निष्कर्ष – संयुक्त राष्ट्र के साथ भारत की बढ़ती भागीदारी, साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने और वैश्विक समुदाय द्वारा सामना की जाने वाली सामान्य चुनौतियों से निपटने के लिए बहुपक्षवाद और संवाद के प्रति उसकी दृढ़ प्रतिबद्धता पर आधारित है, जिनमें शांति निर्माण और शांति रक्षा, सतत विकास, गरीबी उन्मूलन, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद, निरस्त्रीकरण, मानवाधिकार, स्वास्थ्य और महामारी, प्रवासन, साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियां एवं संयुक्तराष्ट्र के व्यापक सुधार सम्मिलित है।

संदर्भ ग्रंथ सूची:–

1. खन्ना .बी और अरोड़ा .एल(2022) भारत की विदेश नीति, विकास पब्लिकेशन, दिल्ली।
2. दीक्षित जैन एन (2018) भारत की विदेश नीति, प्रभात प्रकाशन, दिल्ली।
3. https://www.jansatta.com/international/india-permanent-membership-in-the-united-nations-security-council-and-the-need-for-change/2915104/
4. https://www.mea.gov.in/rajya-sabha-hi.htm?dtl/38630/QUESTION+NO+38+INDIAS+PERMANENT+POSITION+IN+UNSC
5. https://india.unsc.uno/india-1947-2013/
6. https://t20ind.org/hindi/un-security-council-and-indias-inclusion/
7. https://www.mea.gov.in/Images/amb/India_United_Nations_new1022.pdf
8. https://pmindiaun.gov.in/Cdgeneva/statement_content/MzIx
9. https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=2109587&reg=3&lang=2
10. https://www.mea.gov.in/Images/amb/India_United_Nations_new1022.pdf

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

ई-गवर्नेंस के दौर में नेतृत्व और संचार की चुनौतियाँ : भारतीय परिप्रेक्ष्य

डॉ. आशुतोष मीणा *

* एसोसिएट प्रोफेसर (लोकप्रशासन) राजकीय महाविद्यालय, नांगल राजावतान, दौसा (राज.) भारत

शोध सारांश – ई-गवर्नेंस के विस्तार के साथ भारत में प्रशासनिक व्यवस्था डिजिटल रूप में तेजी से परिवर्तित हो रही है। इस परिवर्तन में नेतृत्व और संचार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है, लेकिन इसके साथ कई चुनौतियाँ भी उत्पन्न हुई हैं।नेतृत्व के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती तकनीकी परिवर्तन को अपनाना और पारंपरिक प्रशासनिक ढांचे को डिजिटल प्रणाली में रूपांतरित करना है। इसके लिए आवश्यक है कि नेतृत्व न केवल तकनीकी रूप से सक्षम हो, बल्कि परिवर्तनकारी दृष्टिकोण भी रखे। दूसरी ओर, संचार प्रणाली में डिजिटल विभाजन, बहुभाषी बाधाएँ और सूचना की जटिलता प्रमुख समस्याएँ हैं।ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच डिजिटल असमानता, साइबर सुरक्षा की चिंताएँ और नागरिकों की सीमित डिजिटल साक्षरता भी प्रभावी संचार में बाधा उत्पन्न करती हैं।इस प्रकार, ई-गवर्नेंस में नेतृत्व और संचार की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि इन चुनौतियों का समाधान कितनी प्रभावी रणनीतियों और तकनीकी नवाचारों के माध्यम से किया जाता है।

शब्द कुंजी – ई-गवर्नेंस, डिजिटल शासन, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, डिजिटल नेतृत्व, डिजिटल इंडिया, आधार एप सेवाएँ।

प्रस्तावना – ई-गवर्नेंस की संकल्पना आधुनिक प्रशासन का एक महत्वपूर्ण घटक है, जिसका उद्देश्य सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (ICT) के माध्यम से सरकारी सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनाना है। इसके अंतर्गत सरकार और नागरिकों के बीच डिजिटल माध्यमों से संपर्क स्थापित किया जाता है, जिससे सेवाओं की उपलब्धता, गति और गुणवत्ता में सुधार होता है। ई-गवर्नेंस प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाकर भ्रष्टाचार को कम करने और सुशासन को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होता है। भारत में डिजिटल शासन का विकास विशेष रूप से डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के बाद तीव्र गति से हुआ है। इस पहल के अंतर्गत सरकारी सेवाओं का डिजिटलीकरण, ऑनलाइन पोर्टल्स का निर्माण, आधार-आधारित सेवाएँ और मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से प्रशासनिक सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में नागरिकों को सरकारी सेवाओं तक आसान पहुँच प्राप्त हुई है, जिससे प्रशासनिक दक्षता में वृद्धि हुई है।

एक अन्य महत्वपूर्ण उदाहरण के रूप में केरल राज्य का ई-गवर्नेंस मॉडल लिया जा सकता है। केरल ने 'ई-डिस्ट्रिक्ट परियोजना' और डिजिटल सेवा केंद्रों के माध्यम से नागरिक सेवाओं को अधिक सुलभ बनाया है। इस मॉडल में स्थानीय स्तर पर सेवाओं की उपलब्धता, शिकायत निवारण प्रणाली और डिजिटल रिकॉर्ड प्रबंधन को प्रभावी ढंग से लागू किया गया है, जिससे प्रशासनिक दक्षता में सुधार हुआ है।ई-गवर्नेंस के सफल क्रियान्वयन में नेतृत्व और संचार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रभावी नेतृत्व डिजिटल परिवर्तन की दिशा तय करता है और प्रशासनिक ढांचे को तकनीकी रूप से सक्षम बनाता है। वहीं, संचार प्रणाली सरकार और नागरिकों के बीच सूचना के प्रभावी प्रवाह को सुनिश्चित करती है। डिजिटल संचार के माध्यम से पारदर्शिता, जवाबदेही और सहभागिता को बढ़ावा मिलता है, जिससे शासन अधिक जनोन्मुख बनता है।

शोध का उद्देश्य एवं महत्त्व – इस शोध का उद्देश्य ई-गवर्नेंस के संदर्भ में नेतृत्व और संचार की चुनौतियों का भारतीय परिप्रेक्ष्य में अध्ययन करना है। इसके अंतर्गत यह समझने का प्रयास किया जाएगा कि डिजिटल शासन में नेतृत्व किस प्रकार परिवर्तन को प्रभावित करता है तथा संचार प्रणाली किस सीमा तक प्रभावी है। प्रमुख शोध प्रश्नों में यह शामिल है कि क्या वर्तमान नेतृत्व और संचार व्यवस्था डिजिटल प्रशासन की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम है।

इस अध्ययन का महत्व इस तथ्य में निहित है कि यह ई-गवर्नेंस की प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए व्यावहारिक सुझाव प्रदान करता है तथा भारत में सुशासन और डिजिटल प्रशासन को सुदृढ़ बनाने में सहायक हो सकता है।

साहित्य की समीक्षा

ई-गवर्नेंस आधुनिक प्रशासनिक व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण सैद्धांतिक और व्यावहारिक आधार है, जिसका उद्देश्य सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ICT) के माध्यम से शासन को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और प्रभावी बनाना है। इसके प्रमुख सिद्धांतों में सेवा-उन्मुख प्रशासन, नागरिक-केंद्रित शासन, पारदर्शिता, दक्षता तथा सहभागिता शामिल हैं। इन सिद्धांतों के अनुसार सरकार का कार्य केवल सेवाएँ प्रदान करना नहीं, बल्कि नागरिकों को निर्णय-प्रक्रिया में शामिल करना भी है (शर्मा , 2015, पृ. 120-135)।

नेतृत्व के सिद्धांत ई-गवर्नेंस के सफल क्रियान्वयन में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ट्रांसफॉर्मेशन लीडरशिप के अनुसार नेता संगठन में नवाचार, परिवर्तन और प्रेरणा का स्रोत होता है। वहीं, पार्टिसिपेटिव में निर्णय-

निर्माण प्रक्रिया में कर्मचारियों और नागरिकों की भागीदारी पर बल दिया जाता है। इसके अतिरिक्त, डिजिटल नेतृत्व आधुनिक ई-गवर्नेंस प्रणाली को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने में सहायक होता है (द्विवेदी, 2014, पृ. 90-110)।

संचार सिद्धांतों में शैनन-वीवर मॉडल, इंटरैक्टिव मॉडल और ट्रांजैक्शनल मॉडल प्रमुख हैं, जो सूचना के प्रभावी आदान-प्रदान को समझाते हैं। डिजिटल संचार मॉडल ई-गवर्नेंस में सूचना प्रवाह को तेज, सटीक और पारदर्शी बनाते हैं। मोबाइल एप्लिकेशन, ई-पोर्टल्स और सोशल मीडिया जैसे माध्यम प्रशासन और नागरिकों के बीच संवाद को सुदृढ़ करते हैं (सिंह, 2017, पृ. 50-75)।नेतृत्व और संचार का परस्पर संबंध ई-गवर्नेंस की सफलता का मूल आधार है। प्रभावी नेतृत्व तभी सफल हो सकता है जब संचार प्रणाली मजबूत हो, जिससे नीतियों और योजनाओं की जानकारी सही समय पर नागरिकों तक पहुँच सके। इसी प्रकार, संचार प्रणाली को दिशा और स्पष्टता नेतृत्व द्वारा प्रदान की जाती है।

इसके अतिरिक्त, विभिन्न शोधों में यह भी पाया गया है कि ई-गवर्नेंस में डेटा सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और प्रशासनिक प्रतिरोध जैसी चुनौतियाँ भी नेतृत्व और संचार की प्रभावशीलता को प्रभावित करती हैं।इस प्रकार, उपलब्ध साहित्य यह स्पष्ट करता है कि भारत में ई-गवर्नेंस की सफलता केवल तकनीक पर निर्भर नहीं है, बल्कि प्रभावी नेतृत्व, सशक्त संचार प्रणाली और प्रशासनिक अनुकूलन पर भी आधारित है। यह अध्ययन इन्हीं पहलुओं के बीच संबंध और चुनौतियों का विश्लेषण करने का आधार प्रदान करता है।

भारत में ई-गवर्नेंस का विकास – भारत में ई-गवर्नेंस का विकास पिछले दो दशकों में तीव्र गति से हुआ है, जिसमें सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी ने प्रशासनिक प्रणाली को पूर्णत: रूपांतरित कर दिया है। इस विकास की सबसे महत्वपूर्ण पहल डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के रूप में सामने आई, जिसका उद्देश्य भारत को डिजिटल रूप से सशक्त समाज और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में बदलना है। इस कार्यक्रम ने सरकारी सेवाओं को नागरिकों के घर तक पहुँचाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।डिजिटल इंडिया के अंतर्गत सरकारी सेवाओं का व्यापक डिजिटलीकरण किया गया है। अब अनेक सेवाएँ ऑनलाइन उपलब्ध हैं, जैसे आधार सेवाएँ, पेंशन, कर भुगतान, प्रमाण पत्र जारी करना और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करना। इससे न केवल समय और लागत की बचत हुई है, बल्कि प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता भी बढ़ी है।

ई-गवर्नेंस के प्रमुख प्लेटफॉर्मों में डिजीलॉकर और उमंग विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। डिजीलॉकर नागरिकों को उनके महत्वपूर्ण दस्तावेजों को डिजिटल रूप में सुरक्षित रखने की सुविधा प्रदान करता है, जबकि उमंग ऐप विभिन्न सरकारी सेवाओं को एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराता है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न राज्य और केंद्रीय पोर्टल्स ने भी सेवा वितरण को सरल और सुलभ बनाया है।ई-गवर्नेंस के विकास ने भारतीय प्रशासनिक ढांचे में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाए हैं। पारंपरिक कागजी कार्यवाही की जगह अब डिजिटल प्रक्रियाएँ अपनाई जा रही हैं, जिससे निर्णय लेने की गति बढ़ी है। साथ ही, प्रशासन अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और नागरिक-केंद्रित बना है। हालांकि, ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता की कमी और तकनीकी अवसंरचना की सीमाएँ अभी भी चुनौती बनी हुई हैं।

इस प्रकार, भारत में ई-गवर्नेंस का विकास प्रशासनिक प्रणाली को आधुनिक, प्रभावी और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

नेतृत्व की भूमिका ई-गवर्नेंस में – ई-गवर्नेंस के सफल क्रियान्वयन में नेतृत्व की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि वही प्रशासनिक दिशा, नीति-निर्माण और तकनीकी परिवर्तन की प्रक्रिया को संचालित करता है। डिजिटल शासन में नेतृत्व केवल प्रशासनिक आदेश देने तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह परिवर्तन का प्रेरक और मार्गदर्शक भी होता है।नीति निर्माण और कार्यान्वयन के स्तर पर नेतृत्व यह सुनिश्चित करता है कि ई-गवर्नेंस से संबंधित नीतियाँ वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप हों और उनका प्रभावी क्रियान्वयन हो सके। प्रभावी नेतृत्व विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करता है, जिससे डिजिटल सेवाओं का सुचारु संचालन संभव होता है।

डिजिटल परिवर्तन में नेतृत्व की जिम्मेदारी और भी अधिक बढ़ जाती है। तकनीकी नवाचारों को अपनाने के लिए प्रशासनिक ढांचे में बदलाव आवश्यक होता है, जिसे नेतृत्व ही दिशा देता है। नेतृत्व कर्मचारियों को प्रशिक्षण, संसाधन और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराकर डिजिटल प्रणाली को मजबूत बनाता है।निर्णय लेने की प्रक्रिया में नेतृत्व का प्रभाव अत्यंत निर्णायक होता है। ई-गवर्नेंस में त्वरित और डेटा-आधारित निर्णय आवश्यक होते हैं, जिनके लिए नेतृत्व को विश्लेषणात्मक और तकनीकी दृष्टि अपनानी पड़ती है। इससे प्रशासनिक दक्षता और पारदर्शिता दोनों में सुधार होता है।प्रशासनिक नवाचार के क्षेत्र में भी नेतृत्व की भूमिका महत्वपूर्ण है। नवाचार को प्रोत्साहित करने वाला नेतृत्व नए डिजिटल समाधान, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और नागरिक-केंद्रित सेवाओं के विकास को बढ़ावा देता है। यह प्रशासन को अधिक उत्तरदायी और प्रभावी बनाता है।

इस प्रकार, ई-गवर्नेंस में नेतृत्व न केवल परिवर्तन का संचालक है, बल्कि वह प्रशासनिक नवाचार और डिजिटल सुशासन का आधार स्तंभ भी है।

संचार की भूमिका ई-गवर्नेंस में – ई-गवर्नेंस की सफलता में संचार प्रणाली एक केंद्रीय भूमिका निभाती है, क्योंकि यह सरकार और नागरिकों के बीच सूचना के प्रभावी आदान-प्रदान को सुनिश्चित करती है। डिजिटल शासन में संचार केवल संदेश प्रेषण का माध्यम नहीं है, बल्कि यह पारदर्शिता, सहभागिता और उत्तरदायित्व का आधार भी है।डिजिटल संचार माध्यमों ने प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक तेज और सुलभ बनाया है। मोबाइल एप्लिकेशन, सरकारी पोर्टल्स, ईमेल, एसएमएस सेवाएँ और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से सरकारी सूचनाएँ और सेवाएँ नागरिकों तक आसानी से पहुँचती हैं। इन माध्यमों ने पारंपरिक संचार व्यवस्था की जटिलताओं को काफी हद तक कम किया है।

पारदर्शिता और सूचना प्रवाह ई-गवर्नेंस का एक महत्वपूर्ण पहलू है। प्रभावी संचार प्रणाली के माध्यम से सरकारी योजनाओं, नीतियों और सेवाओं की जानकारी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराई जाती है, जिससे भ्रष्टाचार में कमी आती है और प्रशासनिक जवाबदेही बढ़ती है।नागरिकों और सरकार के बीच संचार को सशक्त बनाने में डिजिटल प्लेटफॉर्म महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नागरिक अब ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकते हैं, सुझाव दे सकते हैं और विभिन्न सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इससे शासन अधिक सहभागी और जनोन्मुख बनता है।हालाँकि, संचार में कई तकनीकी बाधाएँ भी मौजूद हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की सीमित पहुँच, डिजिटल

साक्षरता की कमी, भाषा संबंधी विविधता और तकनीकी अवसंरचना की कमी प्रभावी संचार में बाधा उत्पन्न करती हैं। इसके अतिरिक्त, साइबर सुरक्षा और डेटा गोपनीयता भी महत्वपूर्ण चुनौतियाँ हैं।

इस प्रकार, ई-गवर्नेंस में संचार प्रणाली प्रशासनिक दक्षता और नागरिक सहभागिता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, लेकिन इसकी प्रभावशीलता तकनीकी और सामाजिक बाधाओं पर भी निर्भर करती है।

प्रमुख चुनौतियाँ – ई-गवर्नेंस के विकास के बावजूद भारत में इसके प्रभावी क्रियान्वयन के समक्ष अनेक चुनौतियाँ विद्यमान हैं, जो नेतृत्व और संचार दोनों की प्रभावशीलता को प्रभावित करती हैं।सबसे प्रमुख चुनौती डिजिटल साक्षरता की कमी है। देश के कई हिस्सों में नागरिक अभी भी डिजिटल तकनीकों का समुचित उपयोग नहीं कर पाते, जिससे ई-गवर्नेंस सेवाओं का पूर्ण लाभ नहीं मिल पाता। विशेषकर वृद्ध और अशिक्षित वर्ग इस समस्या से अधिक प्रभावित होते हैं।ग्रामीण-शहरी डिजिटल विभाजन भी एक गंभीर समस्या है। शहरी क्षेत्रों में जहाँ इंटरनेट और तकनीकी सुविधाएँ उपलब्ध हैं, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में अवसंरचना की कमी के कारण डिजिटल सेवाओं तक पहुँच सीमित है। यह असमानता ई-गवर्नेंस की समग्र सफलता में बाधा उत्पन्न करती है।

साइबर सुरक्षा और डेटा गोपनीयता आज के डिजिटल युग की प्रमुख चिंताएँ हैं। सरकारी पोर्टल्स और नागरिक डेटा पर साइबर हमलों का खतरा हमेशा बना रहता है। यदि डेटा सुरक्षा मजबूत नहीं हो तो नागरिकों का विश्वास ई-गवर्नेंस प्रणाली से कम हो सकता है।प्रशासनिक प्रतिरोध और तकनीकी बाधाएँ भी महत्वपूर्ण चुनौती हैं। कई बार सरकारी कर्मचारी पारंपरिक प्रणाली से डिजिटल प्रणाली की ओर परिवर्तन को स्वीकार करने में संकोच करते हैं। इसके साथ ही तकनीकी ज्ञान की कमी और संसाधनों का अभाव भी समस्या को बढ़ाते हैं।बहुभाषी संचार की समस्या भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में एक बड़ी चुनौती है। विभिन्न भाषाओं और बोलियों के कारण एक समान डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रभावी संचार स्थापित करना कठिन हो जाता है।
इस प्रकार, ई-गवर्नेंस की सफलता के लिए इन चुनौतियों का समाधान आवश्यक है, ताकि डिजिटल प्रशासन को अधिक समावेशी, सुरक्षित और प्रभावी बनाया जा सके।

अवसर – ई-गवर्नेंस ने भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था में अनेक नए अवसर उत्पन्न किए हैं, जो शासन को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। डिजिटल तकनीकों के उपयोग से प्रशासनिक प्रक्रियाओं में गुणात्मक सुधार हुआ है और शासन प्रणाली अधिक आधुनिक बन रही है।

सबसे महत्वपूर्ण अवसर पारदर्शी शासन का विकास है। डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से सरकारी योजनाओं, बजट, सेवाओं और निर्णयों की जानकारी आसानी से उपलब्ध हो जाती है, जिससे भ्रष्टाचार की संभावनाएँ कम होती हैं और प्रशासनिक जवाबदेही बढ़ती है। इससे नागरिकों का सरकार पर विश्वास भी मजबूत होता है।तीव्र सेवा वितरण भी ई-गवर्नेंस का एक प्रमुख लाभ है। ऑनलाइन सेवाओं के माध्यम से प्रमाण पत्र जारी करना, कर भुगतान, शिकायत निवारण और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ अब तेजी से उपलब्ध हो रहा है। इससे समय और संसाधनों की बचत होती है तथा प्रशासनिक कार्यों में दक्षता बढ़ती है।

नागरिक सहभागिता में वृद्धि ई-गवर्नेंस का एक महत्वपूर्ण सकारात्मक पहलू है। डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से नागरिक अपनी राय, सुझाव और शिकायतें आसानी से सरकार तक पहुँचा सकते हैं। इससे नीति-निर्माण प्रक्रिया अधिक लोकतांत्रिक और समावेशी बनती है। डिजिटल इंडिया ने इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।इसके अतिरिक्त, स्मार्ट प्रशासन की संभावनाएँ भी तेजी से विकसित हो रही हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, बिग डेटा और क्लाउड कंप्यूटिंग जैसी तकनीकों के उपयोग से प्रशासनिक निर्णय अधिक वैज्ञानिक और प्रभावी बन रहे हैं। इससे भविष्य में एक स्मार्ट, उत्तरदायी और कुशल शासन प्रणाली के निर्माण की संभावना बढ़ती है।

इस प्रकार, ई-गवर्नेंस भारत में न केवल प्रशासनिक सुधार का माध्यम है, बल्कि यह सुशासन, नवाचार और नागरिक सशक्तिकरण के नए अवसर भी प्रदान करता है।

समाधान और सुझाव – ई-गवर्नेंस को अधिक प्रभावी, सुरक्षित और समावेशी बनाने के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुधारात्मक उपायों की आवश्यकता है, जो भारत में डिजिटल शासन की गुणवत्ता को बढ़ा सकते हैं।सबसे पहले, डिजिटल साक्षरता बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में नागरिकों को डिजिटल तकनीकों के उपयोग के लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। स्कूलों, कॉलेजों और सामुदायिक केंद्रों के माध्यम से डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देकर ई-गवर्नेंस सेवाओं की पहुँच को व्यापक बनाया जा सकता है।दूसरा, नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विकास आवश्यक है। प्रशासनिक अधिकारियों को तकनीकी परिवर्तन, डिजिटल प्रबंधन और नवाचार आधारित नेतृत्व के लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। इससे निर्णय लेने की क्षमता और नीति कार्यान्वयन की गुणवत्ता में सुधार होगा। प्रभावी नेतृत्व ई-गवर्नेंस की सफलता का आधार है।

तीसरा, मजबूत साइबर सुरक्षा नीति का निर्माण अत्यंत महत्वपूर्ण है। नागरिक डेटा की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए उन्नत सुरक्षा तकनीकों, नियमित ऑडिट और सख्त कानूनों की आवश्यकता है। इससे डिजिटल प्रणाली पर नागरिकों का विश्वास बढ़ेगा।चौथा, बहुभाषी डिजिटल प्लेटफॉर्म का विकास किया जाना चाहिए, ताकि विभिन्न भाषाओं और क्षेत्रों के नागरिक आसानी से सरकारी सेवाओं का उपयोग कर सकें। भारत की भाषाई विविधता को ध्यान में रखते हुए यह कदम ई-गवर्नेंस को अधिक समावेशी बनाएगा।पाँचवाँ, नागरिक केंद्रित संचार प्रणाली को मजबूत करना आवश्यक है। सरकारी सेवाओं और योजनाओं की जानकारी सरल, स्पष्ट और सुलभ भाषा में उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इसके साथ ही, शिकायत निवारण तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाना चाहिए, ताकि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके।

इस प्रकार, इन सुझावों को लागू करके ई-गवर्नेंस प्रणाली को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और नागरिक-केंद्रित बनाया जा सकता है, जिससे भारत में सुशासन की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति संभव है।

निष्कर्ष – ई-गवर्नेंस के दौर में नेतृत्व और संचार की भूमिका भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था के आधुनिकीकरण में अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। डिजिटल शासन ने सरकारी सेवाओं को अधिक पारदर्शी, तीव्र और नागरिक-केंद्रित बनाने की दिशा में उल्लेखनीय परिवर्तन किए हैं। इससे प्रशासनिक दक्षता में वृद्धि हुई है तथा नागरिकों की भागीदारी भी मजबूत हुई है।हालाँकि, इस प्रणाली के समक्ष डिजिटल साक्षरता की कमी, साइबर सुरक्षा, ग्रामीण-शहरी विभाजन और तकनीकी बाधाएँ जैसी चुनौतियाँ भी मौजूद हैं, जो इसके पूर्ण प्रभावी क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न करती हैं। इन

चुनौतियों के समाधान के लिए प्रभावी नेतृत्व, सशक्त संचार व्यवस्था और तकनीकी सुधार आवश्यक हैं।नेतृत्व डिजिटल परिवर्तन को दिशा प्रदान करता है, जबकि संचार प्रणाली सरकार और नागरिकों के बीच सेतु का कार्य करती है। दोनों के समन्वय से ही ई-गवर्नेंस सफल हो सकता है।अत: यह कहा जा सकता है कि यदि भारत में डिजिटल साक्षरता, साइबर सुरक्षा और प्रशासनिक प्रशिक्षण को सुदृढ़ किया जाए, तो ई-गवर्नेंस एक प्रभावी, समावेशी और सुशासन आधारित प्रणाली के रूप में और अधिक विकसित हो सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. शर्मा, एम. पी. (2015). 'लोक प्रशासन: सिद्धांत और व्यवहार' दिल्ली: किताब महल. पृ. 120-135
2. महेश्वरी, एस. आर. (2017). 'भारतीय प्रशासन' नई दिल्ली: ओरिएण्ट ब्लैकस्वान. पृ. 300-325
3. अवस्थी, ए. एवं महेश्वरी, एस. आर. (2018). 'लोक प्रशासन' आगरा: लक्ष्मी नारायण अग्रवाल. पृ. 210-235
4. सिंह, आर. बी. (2016). 'विकास प्रशासन' नई दिल्ली: ओरिएण्ट प्रकाशन. पृ. 95-120
5. द्विवेदी, ओ. पी. (2014).'प्रशासनिक सिद्धांत' दिल्ली: मैकमिलन. पृ. 90-110
6. सिंह, एन. (2017). 'भारत में ई-गवर्नेंस' नई दिल्ली: ज्ञान प्रकाशन. पृ. 50-75
7. गुप्ता, डी. डी. (2012). 'लोक प्रशासन का परिचय' दिल्ली: वाणी प्रकाशन. पृ. 60-85
8. पाण्डेय, एस. के. (2014). 'भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था' वाराणसी: चौखम्बा. पृ. 150-175
9. वर्मा, एस. पी. (2013). 'भारतीय प्रशासनिक संरचना' दिल्ली: मित्तल पब्लिकेशन. पृ. 140-165
10. पाठक, वी. एन. (2016). 'लोक नीति एवं प्रशासन' जयपुर: पंचशील प्रकाशन. पृ. 175-200
11. चतुर्वेदी, आर. (2018). 'लोक नीति और शासन' दिल्ली: विश्वविद्यालय प्रकाशन. पृ. 95-120
12. सिंह, पी. (2015). 'भारत में प्रशासनिक सुधार' नई दिल्ली: दीप एंड दीप. पृ. 210-235
13. जोशी, एच. सी. (2015). 'भारतीय राजनीतिक व्यवस्था' नई दिल्ली: पियर्सन. पृ. 220-245
14. मिश्रा, बी. बी. (2013). 'भारत में प्रशासनिक विकास' दिल्ली: रावत प्रकाशन. पृ. 180-205
15. रिग्स, एफ. डब्ल्यू. (1964). 'विकासशील देशों में प्रशासन: प्रिजमैटिक समाज सिद्धांत' बोस्टन: हॉटन मिफ्लिन. पृ. 45-60
16. सिंह, आर. (2019). 'डिजिटल गवर्नेंस इन इंडिया' नई दिल्ली: साइबर टेक. पृ. 70-95
17. भारत सरकार. (2020). 'डिजिटल इंडिया कार्यक्रम रिपोर्ट' नई दिल्ली: इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय. पृ. 10-35

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
July to September 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVII, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

उदयपुर जिले में तापमान प्रवृत्तियों का दीर्घकालिक अध्ययन : वर्ष 1981 से 2023 की अवधि का सांख्यिकीय विश्लेषण

डॉ. संजय परिहार*

* सहायक आचार्य (भूगोल) राजकीय महाविद्यालय, सिरोही (राज.) भारत

शोध सारांश – जलवायु परिवर्तन वर्तमान समय की एक गंभीर वैश्विक समस्या है, जिसका प्रभाव क्षेत्रीय जलवायु, कृषि, जल संसाधनों तथा मानव स्वास्थ्य पर स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है। प्रस्तुत शोध में उदयपुर जिले के औसत वार्षिक आर्द्र बल्ब तापमान, उच्चतम तापमान, न्यूनतम तापमान तथा औसत तापमान की दीर्घकालिक प्रवृत्तियों का अध्ययन किया गया है। शोध मुख्यत: द्वितीयक आँकड़ों पर आधारित है, जो NASA POWER Data Access Viewer से प्राप्त किए गए हैं। अध्ययन से स्पष्ट होता है कि वर्ष 1981 से 2023 के मध्य उदयपुर जिले में तापमान प्रवृत्तियों में सामान्यत: वृद्धि दर्ज की गई है। विशेष रूप से आर्द्र बल्ब तापमान में लगभग 2^{0}C की संचयी वृद्धि पाई गई, जो क्षेत्र में बढ़ती गर्मी एवं आर्द्रता के संयुक्त प्रभाव को दर्शाती है। उच्चतम एवं औसत तापमान में भी क्रमिक वृद्धि देखी गई, जबकि न्यूनतम तापमान में उतार-चढ़ाव के बावजूद दीर्घकालिक स्तर पर वृद्धि की प्रवृत्ति विद्यमान रही। अध्ययन यह संकेत करता है कि उदयपुर जिले में सूक्ष्म-जलवायवीय परिवर्तन तीव्र हो रहे हैं, जो भविष्य में कृषि उत्पादकता, जल संसाधनों, मानव स्वास्थ्य तथा अरावली क्षेत्र के पारिस्थितिकी तंत्र के लिए गंभीर चुनौतियाँ उत्पन्न कर सकते हैं।अत: अध्ययन यह निष्कर्ष प्रस्तुत करता है कि उदयपुर जिले में बढ़ती तापीय प्रवृत्तियाँ क्षेत्रीय जलवायु परिवर्तन का स्पष्ट संकेत हैं तथा इनके प्रभावों को कम करने हेतु सतत पर्यावरणीय प्रबंधन एवं जलवायु अनुकूलन नीतियों को अपनाना आवश्यक है।

शब्द कुंजी – जलवायु परिवर्तन, तापमान प्रवृत्तियाँ, आर्द्र बल्ब तापमान, उच्चतम तापमान, न्यूनतम तापमान औरऔसत तापमान।

प्रस्तावना – जलवायु किसी भी क्षेत्र के प्राकृतिक, आर्थिक एवं सामाजिक विकास का एक महत्वपूर्ण निर्धारक तत्व है। तापमान, वर्षा, आर्द्रता तथा वायुदाब जैसे जलवायवीय तत्व न केवल मानव जीवन को प्रभावित करते हैं, बल्कि कृषि, जल संसाधन, वनस्पति तथा पारिस्थितिकी तंत्र पर भी गहरा प्रभाव डालते हैं। वर्तमान समय में वैश्विक जलवायु परिवर्तन एवं वैश्विक तापवृद्धि विश्व स्तर पर गंभीर चिंता का विषय बन चुके हैं। औद्योगीकरण, नगरीकरण, वनों की कटाई तथा जीवाश्म ईंधनों के अत्यधिक उपयोग के कारण पृथ्वी के तापमान में निरंतर वृद्धि हो रही है, जिसके परिणामस्वरूप स्थानीय एवं क्षेत्रीय जलवायु में परिवर्तन स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं।

राजस्थान का दक्षिणी भाग, विशेषकर उदयपुर जिला, अरावली पर्वतमाला, वन क्षेत्रों एवं झीलों की उपस्थिति के कारण विशिष्ट सूक्ष्म-जलवायु (Micro Climate) वाला क्षेत्र माना जाता है। किन्तु हाल के दशकों में यहाँ तापमान प्रवृत्तियों में परिवर्तन, गर्मी की तीव्रता में वृद्धि तथा शीतकालीन तापमान में परिवर्तन स्पष्ट रूप से अनुभव किए जा रहे हैं। तापमान में होने वाले ये परिवर्तन कृषि उत्पादन, जल संसाधनों, मानव स्वास्थ्य तथा क्षेत्रीय पारिस्थितिकी पर प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष प्रभाव डालते हैं। इसलिए उदयपुर जिले में तापमान प्रवृत्तियों का दीर्घकालिक अध्ययन अत्यंत आवश्यक हो जाता है।

प्रस्तुत शोध विषय से संबंधित अनेक अध्ययन पूर्व में किए जा चुके हैं। सभी शोधकर्ताओं ने अपने-अपने निष्कर्ष निकाले हैं। शर्मा एवं गुप्ता (2017) ने राजस्थान में तापमान परिवर्तन की प्रवृत्तियों का अध्ययन करते हुए दीर्घकालिक तापीय वृद्धि की पुष्टि की। सिंह (2018) के अनुसार दक्षिणी राजस्थान में औसत तापमान में वृद्धि कृषि उत्पादन को प्रभावित कर रही है। मीणा एवं चौधरी (2019) ने अरावली क्षेत्र में सूक्ष्म-जलवायु परिवर्तन को बढ़ते नगरीकरण एवं वनों की कटाई से संबंधित माना। पटेल (2020) ने उदयपुर जिले में बढ़ते तापमान एवं घटती आर्द्रता को जलवायु परिवर्तन का प्रमुख संकेतक बताया।


वर्मा एवं जोशी (2021) ने राजस्थान में उच्चतम एवं न्यूनतम तापमान की प्रवृत्तियों का विश्लेषण करते हुए शीतकालीन तापमान में वृद्धि की पुष्टि की। यादव (2018) ने जलवायु परिवर्तन के कारण मानव स्वास्थ्य पर बढ़ते तापीय तनाव (भ्रमंजै जतमे) को महत्वपूर्ण समस्या बताया। गुप्ता एवं शर्मा (2022) ने पश्चिमी भारत में आर्द्र बल्ब तापमान में वृद्धि को भविष्य के लिए गंभीर चुनौती माना। राठौड़ एवं मीणा (2020) के अध्ययन में यह पाया गया कि तापमान वृद्धि का प्रभाव जल संसाधनों एवं वाष्पीकरण दर पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

इसी प्रकार, चौहान (2021) ने उदयपुर क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन एवं कृषि उत्पादकता के मध्य संबंधों का अध्ययन किया तथा निष्कर्ष निकाला कि बढ़ता तापमान फसलों की उत्पादकता को प्रभावित कर रहा है। वहीं, सिंह एवं परमार (2023) ने राजस्थान में दीर्घकालिक तापमान प्रवृत्तियों का सांख्यिकीय विश्लेषण करते हुए भविष्य में तापीय चरम स्थितियों की संभावना व्यक्त की। इन अध्ययनों से स्पष्ट होता है कि तापमान में

परिवर्तन क्षेत्रीय पर्यावरण एवं मानव जीवन के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। इसी पृष्ठभूमि में प्रस्तुत अध्ययन 'उदयपुर जिले में तापमान प्रवृत्तियों का दीर्घकालिक अध्ययनरू वर्ष 1981 से 2023 की अवधि का सांख्यिकीय विश्लेषण' में उदयपुर जिले की तापमान प्रवृत्तियों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।

अध्ययन क्षेत्र – उदयपुर जिला राजस्थान के दक्षिणी भाग में स्थित है और 'सिटी ऑफ लेक्स' के नाम से प्रसिद्ध है। यह अरावली पर्वतमाला की पहाड़ियों, घाटियों तथा मैदानों से युक्त भौगोलिक विविधता वाला क्षेत्र है। जिले का लगभग 30 प्रतिशत भाग वनाच्छादित है। ऐतिहासिक रूप से यह मेवाड़ राज्य का प्रमुख केंद्र रहा है। महाराणा उदय सिंह द्वितीय ने 1559 में उदयपुर नगर की स्थापना की। वर्तमान में उदयपुर जिले का क्षेत्रफल 11,724 वर्ग किमी है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार इसकी जनसंख्या 30.68 लाख तथा जनसंख्या घनत्व 262 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी है। यह जिला $23^{0}45'$ से $24^{0}8'$ उत्तरी अक्षांश तथा $73^{0}9'$ से $74^{0}35'$ पूर्वी देशांतर के मध्य स्थित है। इसकी औसत ऊँचाई 464 मीटर है। प्रशासनिक दृष्टि से जिले में 13 उपखंड और 15 तहसीलें हैं, जो स्थानीय प्रशासन और राजस्व व्यवस्था का संचालन करती हैं।

मानचित्र–1



शोध उद्देश्य– प्रस्तुत शोध के निम्नलिखित दो प्रमुख उद्देश्य है, यथा–

1. उदयपुर जिले में वर्ष 1981 से 2025 के मध्य उच्चतम, न्यूनतम, औसत तथा आर्द्र बल्ब तापमान की दीर्घकालिक प्रवृत्तियों का अध्ययन करना।
2. उदयपुर जिले में तापमान परिवर्तन की प्रकृति, तीव्रता एवं कालिक परिवर्तनशीलता का सांख्यिकीय विश्लेषण करना।

आंकड़ों का स्रोत एवं शोध विधि– प्रस्तुत शोध मुख्यत: द्वितीयक आँकड़ों पर आधारित है। अध्ययन में प्रयुक्त तापमान संबंधी आँकड़े National Aeronautics and Space Administration (NASA) के POWER Data Access Viewer (Prediction of Worldwide Energy Resources) पोर्टल से प्राप्त किए गए हैं। यह पोर्टल वैश्विक स्तर पर तापमान, आर्द्रता, वर्षा, सौर विकिरण तथा अन्य मौसम संबंधी आँकड़े उपलब्ध कराता है। अध्ययन में औसत वार्षिक आर्द्र बल्ब तापमान, औसत वार्षिक उच्चतम तापमान, औसत वार्षिक निम्नतम तापमान तथा औसत वार्षिक तापमान से संबंधित आँकड़ों का उपयोग किया गया है।

प्रस्तुत अध्ययन वर्णनात्मक, विश्लेषणात्मक एवं सांख्यिकीय शोध पद्धति पर आधारित है। संकलित आँकड़ों को सारणियों एवं आरेखों के माध्यम से व्यवस्थित कर कालिक प्रवृत्तियों का अध्ययन किया गया। तापमान परिवर्तन की प्रकृति एवं दिशा को समझने के लिए औसत, मानक विचलन, विचरण गुणांक तथा रैखिक प्रतिगमन जैसी सांख्यिकीय विधियों का उपयोग किया गया। इसके अतिरिक्त तापमान प्रवृत्तियों की दीर्घकालिक दिशा एवं परिवर्तनशीलता को मापने के लिए निर्धारण गुणांक (R^2) का भी प्रयोग किया गया। इन विधियों के माध्यम से उदयपुर जिले में तापमान परिवर्तन की प्रवृत्तियों तथा उनके संभावित पर्यावरणीय प्रभावों का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया।

शोध परिणाम एवं परिचर्चा – तालिका 1 के अनुसार वर्ष 1981 से 2025 की 45 वर्षीय समयावधि के लिए उदयपुर जिले के औसत वार्षिक आर्द्र बल्ब तापमान का सांख्यिकीय विवेचन क्षेत्र में एक स्पष्ट और चिंताजनक सूक्ष्म–जलवायु परिवर्तन (Micro Climatic Shift) को प्रदर्शित करता है। इस दीर्घकालिक अवधि में जिले का समग्र औसत आर्द्र बल्ब तापमान $16.90^{0}C$ दर्ज किया गया, जिसमें $0.81^{0}C$ का मानक विचलन (SD) और 4.8: का विचरण गुणांक (SV) डेटा में एक सुदृढ़ निरंतरता और निश्चित दिशा को प्रमाणित करते हैं। चरम जलवायु विसंगतियों के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि जहाँ संपूर्ण अध्ययन अवधि का सबसे न्यूनतम तापमान वर्ष 1984 में $15.29^{0}C$ था, वहीं सबसे उच्चतम तापमान हाल ही में वर्ष 2024 में $18.45^{0}C$ रिकॉर्ड किया गया। दशकीय स्तर पर, वर्ष 2010 के बाद से वार्षिक औसत लगातार $17^{0}C$ की देहली को पार कर रहा है, जो पिछले दशक में तीव्र ताप की ओर संकेत करता है।


डेटा पर लागू किए गए रैखिक प्रतिगमन (Linear Regression) मॉडल का समीकरण $y = 0.0436x + 15.902$ यह सिद्ध करता है कि उदयपुर जिले के आर्द्र बल्ब तापमान में $0.0436^{0}C$ प्रति वर्ष की सकारात्मक दर (Slope) से निरंतर वृद्धि हो रही है, जिसके परिणामस्वरूप पिछले 45 वर्षों में यहाँ कुल $1.96^{0}C$ (लगभग $2^{0}C$) की संचयी तापीय वृद्धि हो चुकी है। इसके अतिरिक्त, निर्धारण गुणांक का मान ($R^2 = 0.4865$) यह प्रमाणित करता है कि तापमान में होने वाले इस कुल प्रसरण का लगभग 49% भाग सीधे तौर पर दीर्घकालिक जलवायु उष्णननऔर स्थानीय पर्यावरण में आ रहे बदलावों से नियंत्रित है। भौगोलिक और पारिस्थितिक दृष्टि से, आर्द्र बल्ब तापमान में लगभग दो डिग्री की यह संचयी वृद्धि उदयपुर जिले में गर्मी और हवा की नमी के एक ऐसे खतरनाक संयोजन (Heat & Humidity Test) को जन्म दे रही है, जो भविष्य में स्थानीय मानव स्वास्थ्य, घटती वाष्पीकरण क्षमता, अरावली के जल–पारिस्थितिकी तंत्र और कृषि उत्पादकता के लिए गंभीर विकासात्मक चुनौतियाँ पैदा कर सकता है।

तालिका–1: उदयपुर जिले में औसत वार्षिक तापमान की प्रवृत्ति, वर्ष 1981 से 2023

वर्ष	औसत वार्षिक आर्द्र बल्ब तापमान (°C)	औसत वार्षिक उच्चतम तापमान (°C)	औसत वार्षिक निम्नतम तापमान (°C)	औसत वार्षिक तापमान (°C)
1981	17.27	43.67	3.51	23.59
1982	17.47	41.09	6.28	23.69
1983	15.97	43.93	3.1	23.52
1984	15.29	42.95	1.88	22.42
1985	16.24	44.02	5.55	24.79
1986	15.46	43.43	3.98	23.71
1987	16.23	43.51	6.31	24.91
1988	16.78	45.03	6.12	25.58
1989	15.58	44.87	3.63	24.25
1990	17.38	42.98	1.79	22.39
1991	15.84	45.66	2.11	23.89
1992	16.47	44.38	4.5	24.44
1993	16.6	44.31	5.84	25.08
1994	16.62	45.46	3.52	24.49
1995	16.47	44.33	3.78	24.06
1996	16.48	43.17	3.82	23.50
1997	16.83	42.32	4.1	23.21
1998	16.94	45.12	3.47	24.30
1999	16.19	43.39	5.21	24.30
